आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 4 | उज्जैन, शनिवार 17 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 14 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### वेनेजुएलाई नेता ने अपना नोबेल पुरस्कार ट्रम्प को दिया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा करने के बाद यह उनकी किसी भी वेनेजुएलाई नेता से पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। मुलाकात के बाद माचाडो ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज हम वेनेजुएलावासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मचाडो ने ट्रम्प को अपना पुरस्कार सौंपने के बारे में बताया, लेकिन उन्होंने दूसरी कोई जानकारी नहीं दी।

### बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों ने अब हिंदू परिवार का घर फूंका

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बीच एक बार फिर हिंदू परिवार को निशाना बनाया गया। ताजा मामला सिलहट जिले के गोवाईघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदिरगांव संघ के बहोर गांव का है, जहां इस्लामिक कट्टरपंथियों ने एक हिंदू परिवार के घर पर हमला कर आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक, कट्टरपंथियों ने बीरेंद्र कुमार डे के घर को निशाना बनाते हुए आगजनी की। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरे घर में फैल गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि परिवार के सदस्य जान बचाने के लिए घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

### करिश्मा कपूर को दिखाने होंगे तलाक के डॉक्यूमेंट्स



**सुप्रीम कोर्ट ने संजय कपूर की तीसरी पत्नी प्रिया सचदेवा की याचिका पर एक्ट्रेस को भेजा नोटिस**

**मुंबई।** एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और दिवंगत बिजनेसमैन संजय कपूर की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने एक बार फिर नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करिश्मा कपूर को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस संजय कपूर की तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर की ओर से दाखिल याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें करिश्मा और संजय कपूर के तलाक से जुड़े डॉक्यूमेंट्स की प्रमाणित प्रतियां मांगी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर करिश्मा कपूर से दो हफ्ते के भीतर जवाब देने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर ने अपने चैंबर में की। प्रिया सचदेव ने कोर्ट से रिक्वेस्ट किया है कि उन्हें साल 2016 में करिश्मा और संजय कपूर के बीच हुए तलाक से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। प्रिया का कहना है कि संजय कपूर के निधन के बाद वह उनकी कानूनी उत्तराधिकारी हैं और संजय की संपत्ति से जुड़े कानूनी मामलों में उनकी सीधी दिलचस्पी है। उन्होंने दलील दी है कि तलाक के दस्तावेज दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित उत्तराधिकार (सक्सेशन) मामले में आधिकारिक उपयोग के लिए जरूरी हैं। इन दस्तावेजों के जरिए वह उस वक्त हुए आर्थिक समझौते और बच्चों की कस्टडी से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करना चाहती हैं। गौरतलब है कि करिश्मा कपूर और संजय कपूर का तलाक काफी विवादों से भरा रहा था। तलाक के दौरान करिश्मा ने संजय पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे और इसके लिए उनके कथित नशे की लत को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, लंबी कानूनी लड़ाई के बाद दोनों ने आपसी सहमति से 2016 में तलाक ले लिया था।

### ममता बनर्जी ने किया सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास किया। करीब 18 एकड़ जमीन पर तैयार हो रहा यह मंदिर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से ही जाना जाएगा। कार्यक्रम में साधु-संत भी शामिल हुए। बीते 30 दिसंबर को कोलकाता के न्यू टाउन में ममता बनर्जी ने दुर्गा आंगन नाम के एक बड़े दुर्गा मंदिर की नींव रखी थी। इस दौरान उन्होंने भाषण में इस मंदिर का जिक्र करते हुए कहा था कि मंदिर के निर्माण के लिए जरूरी धनराशि जुटा ली गई है। मंदिर के निर्माण से सिलीगुड़ी में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इस कार्यक्रम को लेकर उत्तर बंगाल की राजनीति गरमा गई है। गुरुवार को दार्जिलिंग के सांसद और भाजपा के केंद्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट ने सिलीगुड़ी में पत्रकार वार्ता कर कहा कि मंदिर का निर्माण ट्रस्टी बोर्ड के माध्यम से होने की बात कही जा रही है, लेकिन पूरा आयोजन सरकारी बैनर तले हो रहा है।

### हरकी पैड़ी पर 'अहिन्दू प्रवेश निषेध क्षेत्र' के पोस्टर

**हरिद्वार।** हरिद्वार में 2027 में अर्धकुंभ होने वाला है, लेकिन इससे पहले ही इस क्षेत्र में गैर हिंदुओं के एंट्री बैन करने की मांग तेज हो गई है। इसी बीच आज हरिद्वार की हरकी पैड़ी क्षेत्र में अहिन्दू का प्रवेश निषेध क्षेत्र, आज्ञा से म्यूनिसिपल एक्ट हरिद्वार लिखे करीब 12 पोस्टर लगाए गए हैं। गंगा सभा की तरफ से ये पोस्टर घाट किनारे अलग-अलग जगहों पर लगाए गए हैं, जिसके बाद गैर-हिंदुओं की एंट्री को लेकर विवाद फिर से तेज हो गया है। घाटों की व्यवस्थाएं देखने वाली संस्था गंगा सभा ने इस मुद्दे पर खुलकर अपना रुख सामने रखा है। संस्था का कहना है कि हरकी पैड़ी और ब्रह्म कुंड क्षेत्र सनातन आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यहां पवित्रता और व्यवस्थाओं को बनाए रखना जरूरी है।

---

रतलाम जिले में एमडी ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़, बड़ी मात्रा में कच्चा रसायन और हथियार बरामद

# 10 किलो एमडी ड्रग, 12 बोर की दो बंदूकें और 92 जिंदा कारतूस मिले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




रतलाम जिले की जावरा तहसील अंतर्गत कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिकलाना में जिला पुलिस ने गुरूवार शुक्रवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स बनाने की अवैध फैक्ट्री का खुलासा किया है। यह छापेमारी दिलावर खान नामक व्यक्ति के घर पर की गई, जहां से एमडी ड्रग की भारी मात्रा और उसे बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा रसायन बरामद किया गया है।

पुलिस को घर के भीतर से 10 किलो एमडी ड्रग, एमडी निर्माण में प्रयुक्त केमिकल, चंदन की लकड़ियां, 12 बोर की दो बंदूकें और 92 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। 2 राष्ट्रीय पक्षी मोर, 5 तितर सहित राष्ट्रीय रायफल आर्मी का परिचय पत्र एवं पुलिस की वर्दी बरामद की गई है। बरामदगी को देखते हुए मामला केवल नशा तस्करी ही नहीं, बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों से भी जुड़ा माना जा रहा है। शुक्रवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सूत्रों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। यहां से एक नाबालिग सहित 16 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसपी ने एक अन्य जारी वीडियो में कहा कि रतलाम पुलिस के थाना कालूखेड़ा एवं अन्य टीम के द्वारा ड्रग्स की एक फैक्ट्री को नष्ट किया गया है।

#### फरार ड्रग स्मगलर याकूब भी हाथ लगा

रतलाम पुलिस की मादक पदार्थों पर कठोर से कठोर कार्रवाई जारी है। पुलिस के हाथ यहां से आरोपी दिलावर खान के साथ-साथ प्रतापगढ़ का फरार ड्रग स्मगलर याकूब भी हाथ लगा है जो 42 किलो एमडी ड्रग्स के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में काफी समय से जुटी हुई थी। रतलाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार इस समय आईपीएस समिट में शामिल होने के कारण शहर से बाहर हैं। उनकी अनुपस्थिति में एएसपी विवेक कुमार स्वयं मौके पर मौजूद रहकर पूरी कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे थे।

---

लड़की भगाने के मामले में तालिबानी सजा

# नाबालिग लड़की भगाने की रंजिश में नाबालिग युवक को पीटकर निर्वस्त्र घुमाया

## पुलिस ने मामले में लड़की के 4 परिजनों को किया गिरफ्तार, 2 फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



लड़की भगाने के मामले में एक नाबालिग युवक को लड़की के परिजनों ने तालिबानी सजा दी है। नाबालिग को घेर कर चाकू के बल पर घर में ले जाकर जमकर पीटा गया और उस पर भी दिल नहीं भरा तो उसका मुंह काला कर नग्न कर उसे क्षेत्र में डेढ़ किलोमीटर सड़क पर घुमाया गया। पुलिस ने मामले में लड़की के 4 परिजनों को गिरफ्तार किया है। वीडियो के आधार पर 2 नाबालिग आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि घटनाक्रम गुरूवार का है। क्षेत्र का एक नाबालिग पास की ही रहने वाली नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हो गया था। दोनों 16-17 दिन बाद पकड़ में आए थे। इस आधार पर नाबालिग को जेल एवं किशोरी को सुधार गृह भेजा गया था। नाबालिग युवक जेल से छुटने के बाद अपनी अपंग मां को साथ देवास जिला अंतर्गत रहने चला गया था। गुरूवार को नाबालिग की मां की तबियत खराब होने पर वह अपने मित्र से पैसे लेने पंवासा के शंकरपुर आया था। इसकी सूचना लड़की के परिजनों को लगने पर उन्होंने उसे घेरा और कहा कि तू तो हमारी लड़की को भगा कर ले गया था फिर यहां क्यों आया है। इस पर नाबालिग ने जवाब दिया कि मेरा घर यहां है मेरे दोस्त से मिलने आया हूं। इस पर लड़की के परिजनों ने एक मत होकर पहले गाली गलौज की और फिर हाथ पैर से मारपीट करने लगे इस बीच एक आरोपी ने डंडे से मारपीट की। नाबालिग युवक को दोनों हाथ पैर, मुंह, पीठ व पैर पर चोंट आई है। मारपीट के बाद भी लड़की के परिजनों को सबर नहीं हुआ तो डंडे से मारपीट करने वाले आरोपी एवं उसके सहयोगियों ने नाबालिग युवक के कपड़े फाड़ दिए और क्षेत्र में नग्न कर घुमाते हुए जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग युवक के दोस्त ने बीचबचाव किया। किशोर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 ए, 115 (2), 351(3), 133, 3 (5) में प्रकरण दर्ज कर मामले के चार आरोपियों जिनमें एक महिला शामिल है को गिरफ्तार कर लिया है। मंडलोई के अनुसार सामने आए वीडियो के आधार पर दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

#### न्याय नहीं मिला तो आत्महत्या कर लूंगा

इधर युवक ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एक आवेदन पुलिस अधीक्षक के नाम दिया है। युवक ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि तीन चार माह पूर्व हम दोनों नाबालिग थे हम दोनों पंवासा थाना में 17-18 दिन में पेश हो गए थे। वो सुधार गृह चली गई थी मैं जेल चला गया था। एक-डेढ़ माह बाद छूटा। अभी 2-3 महीने हो गए इस बात को। मैं फिर आया मां बीमार थी देवास में भर्ती थी। में एक दोस्त से पैसे लेने आया था। शंकरपुर में दूर खड़ा था, वहां इन्होंने मुझे देख लिया और घेर लिया, इनके पास चाकू था। मैं भागा तो पांव में झाड़ी आ गई नीचे गिर गया। मैं चाकू देखकर डर गया था। मुझे घर में घेर कर मारा। बाहर मुझे निर्वस्त्र कर गिट्टी में घिसा, एक डेढ़ किलोमीटर काला मुंह करके घुमाया। मुझे आश्वासन मिला है कि जल्द से जल्द इन्हें सजा मिलेगी। अगर इन्हें सजा नहीं मिली तो मैं आत्महत्या कर लूंगा क्योंकि मेरी इज्जत गई है।

---

# 30 साल बाद मुंबई में ठाकरे परिवार सत्ता से बाहर

## पहली बार बीजेपी का मेयर बन सकता है, 4 साल से चुनाव न होने से पद खाली



एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई के इतिहास में पहली बार भाजपा का मेयर हो सकता है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव रिजल्ट में भाजपा गठबंधन को कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर बढ़त हासिल है। जिसमें से भाजपा 90, शिवसेना शिंदे 28 सीटों पर आगे चल रही है।

आजादी के बाद 77 सालों से मुंबई नगर निगम पर कांग्रेस और शिवसेना का ही कब्जा रहा है। 1947 से 1967 तक यानी 20 साल तक कांग्रेस का मेयर रहा। वहीं 1992 से लेकर 2022 यानी 30 सालों तक मेयर की कुर्सी पर शिवसेना काबिज रही।

भाजपा 45 साल के इतिहास में पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने की स्थिति में पहुंची है। दरअसल 1980 में पार्टी के गठन के बाद भाजपा ने 1992 से 2017 तक मुंबई में शिवसेना को सपोर्ट दिया था।

मुंबई के मेयर का पद संभालने वाली आखिरी शख्स शिवसेना की किशोरी पेडनेकर थीं, जिन्होंने 22 नवंबर 2019 से 8 मार्च 2022 तक यह पद संभाला था। हालांकि तब शिवसेना में बंटवारा नहीं हुआ था। उसके बाद से यह पद खाली था। तब से, बीएमसी के प्रशासन की जिम्मेदारी नगर आयुक्त संभाल रहे हैं।

---

# रिजर्व गार्ड दंपती के घर समेत 40 मकानों पर चला बुलडोजर

एजेंसी ▸▸ बीजापुर



बीजापुर में न्यू बस स्टैंड के पीछे अब तक 40 अवैध मकान ढहाए जा चुके हैं और कार्रवाई लगातार जारी है। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड दंपती का घर भी तोड़ा गया, जबकि जवान ड्यूटी पर गया हुआ है। घर में मौजूद उसकी पत्नी के मुताबिक, वे यहां 2006 से रह रहे हैं, और गांव में उनके पास कोई घर नहीं है। कार्रवाई के दौरान कई महिलाओं की रोती हुई तस्वीरें भी सामने आई हैं। महिलाएं सवाल कर रही थीं- हम कहां जाएंगे?

पीड़ित गंगा माड़वी का कहना है कि वे अपने परिवार के साथ पिछले 4 सालों से यहां रह रहे हैं। नक्सली हिंसा के कारण वे अपने गांव को छोड़कर यहां आए थे। प्रशासन से बातचीत के बाद उन्होंने घर बनाया और नियमित रूप से टैक्स भी जमा कर रहे थे। अब प्रशासन घरों को तोड़ रहा है। गांव वापस गए तो नक्सली मार देंगे। गंगा के मुताबिक तीन महीने पहले उन्हें मकान खाली करने का नोटिस मिला था, जिस पर मामला कोर्ट में चल रहा है। उन्हें यह भरोसा भी दिलाया गया था कि घर नहीं तोड़ा जाएगा, लेकिन अब अचानक मकानों को गिराया जा रहा है।

---

# बीजेपी को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिलेगा

## चुनाव नोटिफिकेशन जारी, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का चुना जाना लगभग तय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा।

अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने 13 जनवरी को सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं।

#### बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर ने शेड्यूल जारी किया

बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण ने चुनाव का शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक, पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जाएंगे और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन नए चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

---

मनरेगा के बाद शिक्षा और खाद्य सुरक्षा अधिकार कानून में सुधार की तैयारी शुरू

# यूपीए सरकार के 2 और कानूनों में बदलाव होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



केंद्र सरकार मनरेगा के बाद यूपीए सरकार के समय बने दो बड़े कानूनों- शिक्षा का अधिकार और खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार करने की तैयारी कर रही है। सरकार चाहती है कि इन योजनाओं का लाभ हर सही व्यक्ति तक पहुंचे और सभी लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन हो।

सरकार पहले नियमों और आदेशों से सुधार करने की कोशिश करेगी। अगर इससे बात नहीं बनी, तो संसद में नए कानून (बिल) भी लाए जा सकते हैं। इसके अलावा सरकार यह भी सोच रही है कि लोगों को घर पाने के अधिकार को कानूनी अधिकार बनाया जाए। परामर्श प्रक्रिया से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि मनमोहन सिंह सरकार के समय जो विकास से जुड़े अधिकार बनाए गए थे, उनमें 3 बड़ी कमियां थीं। उन कानूनों से न तो हर बच्चे को सही शिक्षा मिल पाई और न ही हर परिवार तक खाद्य सुरक्षा पहुंची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्देश है कि सभी लाभार्थियों का पूरा (100%) रजिस्ट्रेशन हो। योजनाओं का लाभ सही लोगों तक समय पर और सही तरीके से पहुंचना चाहिए। संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा की जगह लाया गया वीजी-बी राम जी बिल पास हुआ था।

#### सरकार 3 टारगेट लेकर बढ़ रही

सरकार ने इन योजनाओं की जांच करने पर पाया कि किसी चीज को कानूनी अधिकार बना देना और उसे जमीन पर सही तरीके से लागू करना, दोनों अलग बातें हैं। योजनाओं को लागू करने में जो कमियां आ रही हैं, उनकी वजह से सरकार के भरोसे पर सवाल उठने लगे हैं। शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और आवास इन पांच जरूरी क्षेत्रों को लेकर सरकार अब तीन अहम बातों को पक्का करना चाहती है।

योजना की पूरी कवरेज के लिए समय-सीमा के साथ लक्ष्य तय हों।

इन पर अमल डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए हो। रियल टाइम मॉनिटरिंग हो।

हर पहचान सुनिश्चित हो। पंजीकरण के लिए राष्ट्रव्यापी कैंपेन चलाएं।

#### जानें क्या है खाद्य सुरक्षा और मानक कानून, 2006

भारत में खाद्य सुरक्षा कानून का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इसके लिए भारत में एक प्रमुख केंद्रीय कानून लागू है। यह भारत का मुख्य खाद्य कानून है, जो पहले से मौजूद कई पुराने खाद्य कानूनों को मिलाकर बनाया गया था

---

# कठुआ जिले के बिलावर में सुरक्षाबलों ने आतंकी ठिकाना ढूंढकर सामान जब्त किया



एजेंसी ▸▸ कठुआ

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर सेक्टर में जंगल के पास एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। ऑपरेशन के दौरान मौके से कई चीजें बरामद की गईं। हालांकि अधिकारियों ने जब्त किए गए सामान की जानकारी नहीं दी। हाल ही में हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने बिलावर सेक्टर में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिए हैं। इसका मकसद जंगल इलाकों को सुरक्षित करना और किसी भी तरह की गैर-कानूनी गतिविधि को रोकना है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## ऐसे कैसे चलेगा काम...

महाआयोजन की तैयारी को लेकर अब भी कुछ अधिकारी गंभीर नहीं हैं। वे अब भी ऐसे काम कर रहे हैं जिससे शासन को नुकसान की स्थिति बनने के हाल कायम हो रहे हैं। प्रति सप्ताह ही नहीं हर दुसरे तीसरे दिन वरिष्ठ जिम्मेदार कामों को लेकर बराबर समीक्षा कर रहे हैं। कोई भी समस्या आने पर तत्काल उस पर संवाद करने का कह रहे हैं। इसके बावजूद भी कुछ मामले ऐसे निकलकर सामने आ रहे हैं जिससे साफ हो रहा है कि कुछ अधिकारी अब भी इन कामों को बहुत हल्का मान रहे हैं और अपनी मनमाफिक काम करने में ही मस्त हैं। हाल ही में एक मामला ऐसा ही सामने आने पर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने पानी वाले विभाग के नगर की संस्था के बडे इंजीनियर साब एवं उनके सहायक के विरूद्ध सख्ती का रुख अपनाया है। दोनों के विरूद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। वैसे तो घुटना पेट की तरफ ही झूकता है ऐसे में कुछ खास बिगडने वाला नहीं है जैसे तैसे उनका बचाव हो जाएगा। दोनों अधिकारियों के कारण देवास रोड़ से नागझिरी तक बनने वाले रोड़ निर्माण के साथ ही नगर की संस्था की पानी वाले विभाग की पाईप लाइन डलना थी। रोड़ किनारे पाईप लाइन डालने का कार्य समय पर नही होने से रोड़ बनाने में विलंब हुआ । महाआयोजन की उलटी गिनती चालू हो चूकी है। 26 के भी दो सप्ताह कैसे निकले ये सब देख रहे हैं। ऐसे ही देखते झ्रदेखते 28 के महाआयोजन सामने आ जाएगा। खुसूर-फुसूर है कि महाआयोजन के कामों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध ऐसे मामलों में सख्ती का रुख जरूरी हो गया है। कामों में देरी होने से कई सारे मसले उलझने की स्थिति बनेगी। ऐसे में समस्याओं का घर बनने लगेगा और उनके निदान में समय जाया होगा। इस स्थिति के चलते संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का निर्णय प्रशंसनीय है। अगर अब सख्ती नहीं होगी तो ऐसे कैसे काम चलेगाङ्घऔर आगे बढेगा।






## भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध में बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार को प्रातः 8:00 के करीब भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एवं पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गौतम गंभीर पहुंचे जहां उन्होंने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना कर हवन भी किया। इस दौरान गौतम गंभीर करीब 1 घंटे मंदिर परिसर में ही रहे। मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी दिनेश अस्तावत द्वारा गर्भ ग्रह में माता रानी की चुनरी ओड़ाकर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय की गौतम गंभीर महाकाल मंदिर उज्जैन में भस्म आरती में शामिल हुए थे वहां से सीधे नलखेड़ा में बगलामुखी के दर्शन के लिए आए। गौतम गंभीर के बगलामुखी मंदिर पहुंचने की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

रैन बसेरे गुमनामी में.. किसी को यह नहीं मालूम है कहां है रेन बसेरा

# फुटपाथ पर गुजर रही मजबूर व गरीब लोगों की सर्द रातें



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गरीब,मजबूर लोगों को फुटपाथ पर रात बिताने से बचाने के लिए बने रैन बसेरे गुमनामी में है। तेज ठंड के बीच लोगों को फुटपाथ पर रात गुजारना पड़ रही है। गुरुवार शुक्रवार को कई फुटपाथों पर गरीबों को कंपकपाती ठंड में सोते देखा। जब उनसे खुले में सोने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में जगह नहीं है वहीं कुछ का कहना था कि उन्हें नहीं मालूम है कि रैन बसेरे कहां है

सर्द हवाओं की सिहरन बुजुर्गों को कपा रही थी। पुराने फटे चादर, कंबलों पर सर्दी भारी पड़ रही थी। कुछ ठंड से कराहते मिले तो कुछ करवट बदल रहे थे। इनका कहना है कि जाएं भी तो कहां जाएं। उन्हें जैसे-तैसे रात गुजर जाने का इंतजार था। चामुण्डा माता चौराहा,देवास गेट, मालीपुरा, रेलवे स्टेशन के बाहर यहां कई लोग फुटपाथ व दुकानों के चबूतरों पर सोते मिले। फटे चादर व कंबलों से वे कंपकंपाती सर्दी में बचाव कर रहे थे। सोने की कोशिश में घंटों बाद भी ठंड के कारण उनकी नींद उड़ी हुई थी। माकड़ोन के समीप ग्राम डैलची से आये ग्रामीण रामचंद्र ने बताया कि वह परिजनों का इलाज कराने उज्जैन आया था रात में चामुंडा चौराहे के समीप फुटपाथ पर आकर सो रहा है उसके पास आधार कार्ड था। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि शहर में रैन बसेरे कहां है। यहां हेमंत नाम का एक मजदूर दिन में दिहाड़ी मजदूरी करता है और रात में माधव कॉलेज के सामने फुटपाथ पर आकर सो जाता है। उससे पूछा गया कि वह खुले में क्यों सो रहा है इस पर उसने जवाब दिया कि उसके पास आधार कार्ड नहीं है कई बार आधार कार्ड बनवाने की कोशिश की लेकिन नहीं बना.. आधार कार्ड बगैर रेन बसेरा में एंट्री नहीं मिल रही है इसी तरह करीब एक दर्जन से अधिक लोग मालीपुरा में दुकानों के चबूतरे पर रात बिताते मिले।






**चामुण्डा माता चौराहा,देवास गेट, मालीपुरा, रेलवे स्टेशन के बाहर कई लोग फुटपाथ व दुकानों के चबूतरों पर सोते मिले**

ऐसे ही चामुंडा माता चौराहे पर राजू नामक व्यक्ति खुले में फुटपाथ पर सो रहा था उसे जब रैन बसेरे में जाने के लिए कहा गया तो उसका जवाब था कि उसके पास आधार कार्ड नहीं है उसके बाद फिर वह वहीं सो गया। इसी तरह झाबुआ निवासी विकलांग कन्हैया लाल माधव कॉलेज के सामने बने फुटपाथ पर खुले में सो रहा था जब उससे खुले में सोने का कारण पूछा गया तो उसका कहना था कि वह डेढ़ वर्ष पहले झाबुआ से उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिए आया था इस दौरान उसका बैग चोरी हो गया। बैग में आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे वह भी चोरी हो गए। इसी बीच उसके पैर में चोट लग गई और वह अस्पताल में इलाज करवाने गया पैर की चोट ठीक नहीं हुई और इलाज के पैसे भी नहीं थे इस कारण उसने फुटपाथ पर आकर शरण ले ली तभी से वह फुटपाथ पर सोकर अपना जीवन यापन कर रहा है।

> रात्रि में टीम को पहुंचाकर जांच करवाई जाएगी यदि कोई खुले में सोते पाया गया तो उसे रैन बसेरे में पहुंचाने के इंतजाम किए जाएंगे। अगर रैन बसेरे में जगह नहीं मिलती है तो उनके लिए अस्थाई ठहरने की व्यवस्था की जाएगी लेकिन उन्हें खुले में नहीं सोने दिया जाएगा।
>
> **- संजेश गुप्ता, उपायुक्त नगर निगम उज्जैन**

### कोई नहीं दे रहा ध्यान...

इधर इस कड़ाके की ठंड में कोई सामाजिक संस्थाओं द्वारा कोई प्रयास किया जा रहे हैं ताकि लोग खुले में ना सोए। ओर इनमें से फुटपाथ पर सो रहे कई लोगों के पास ओड़ने के लिए पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं थी

इधर खुले में सो रहे लोगों को रैन बसेरे में पहुंचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं ना हीं कोई ऐसी व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को शहर में स्थित रैन बसेरों का पता चल सके और उन्हें रैन बसेरों में ठहराया जा सके। ना ही ऐसे कोई सूचना बोर्ड लगाए गए हैं जिससे कि लोगों को रैन बसेरों का पता चल सके।

# सांदीपनि चौराहा-उदयन मार्ग चौड़ीकरण का विरोध, रहवासियों-व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

### दुकानें रखीं बंद; कहा-काम नहीं रोका तो चक्काजाम करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों के बीच सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग (विक्रम मार्ग) तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में शुक्रवार को रहवासी और व्यापारी सड़क पर उतर आए। लक्ष्मी नगर चौराहे पर मंच लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया, जहां जमकर नारेबाजी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल रहे।

नगर निगम द्वारा मार्ग की मार्किंग किए जाने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। विरोध के तहत क्षेत्र की अधिकांश दुकानों को बंद रखा गया और प्रतिष्ठानों पर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में पोस्टर लगाए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिना उचित संवाद और सर्वे के ही कार्रवाई की जा रही है, जिससे रहवासियों और व्यापारियों में असमंजस और भय का माहौल बन गया है।



#### 26 मकान, 16 मंदिर होंगे प्रभावित

निगम के प्रस्ताव के अनुसार सड़क चौड़ीकरण से करीब 26 मकान प्रभावित होंगे, जिनके सामने का लगभग 13 फीट हिस्सा हटाया जा सकता है। साथ ही मार्ग पर स्थित करीब 16 मंदिर भी इसकी जद में आ रहे हैं, जिनके विस्थापन के लिए नगर निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही है। निगम के अनुसार जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू हो सकता है।

#### प्रभावित लोगों से संवाद करें अधिकारी

रहवासियों और व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है कि चौड़ीकरण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और प्रभावित लोगों से संवाद कर उचित समाधान निकाला जाए।

#### रहवासियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

प्रदर्शन कर रहे रहवासी दिनेश पाटीदार ने कहा कि सड़क पहले से ही काफी चौड़ी है और यहां सिंहस्थ जैसी भीड़ भी नहीं होती, ऐसे में सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आगे चक्काजाम किया जाएगा। वहीं व्यापारी प्रवीण जैन ने आरोप लगाया कि अब तक कोई विधिवत सर्वे नहीं हुआ है और अधिकारी बार-बार आकर गलत तरीके से नपती कर मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग को चौड़ा करने की कोई वास्तविक जरूरत नहीं है।

महाकाल गर्भगृह प्रवेश विवाद गहराया

# अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष की मांग पर पुजारी संगठनों का विरोध, पद को लेकर उठाए सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर साधु-संतों और पुजारियों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज द्वारा पुजारियों और उनके प्रतिनिधियों के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग के बाद अब महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज पुजारियों के समर्थन में सामने आ गए हैं। दोनों संगठनों ने पत्र जारी कर न सिर्फ पुजारियों का पक्ष रखा है, बल्कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

दो दिन पहले अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर प्रशासक को पत्र लिखकर मांग की थी कि महाकाल मंदिर में नियुक्त पुजारियों के प्रतिनिधियों की संख्या की लिखित जानकारी अखाड़ा परिषद को दी जाए। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा नियुक्त मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा को छोड़कर अन्य सभी पुजारियों और उनके प्रतिनिधियों के गर्भगृह में प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी। उनका तर्क था कि बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के प्रवेश से गर्भगृह की मयार्दा भंग होती है और अव्यवस्था फैलती है।

#### पुजारी संगठनों का पलटवार

इस पत्र के सामने आने के बाद महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने भी संयुक्त रूप से पत्र जारी कर तीखी प्रतिक्रिया दी है। संगठनों ने कहा कि महाकाल मंदिर के नियम मंदिर समिति द्वारा बनाए गए हैं और मंदिर की पवित्रता, ड्रेस कोड तथा गर्भगृह में ले जाने वाली वस्तुओं से जुड़ी परंपराएं प्राचीन और स्थापित हैं। इन नियमों का पालन देश का आम व्यक्ति ही नहीं, बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी करते हैं, तो साधु-संतों को इन नियमों के पालन से अलग क्यों रखा जाए।

#### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद पर सवाल

महाकाल विद्वत परिषद ने अपने पत्र में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी सवाल उठाए हैं। परिषद ने पूछा है कि क्या केंद्र या राज्य सरकार ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष होने का कोई प्रमाण पत्र रविंद्र पुरी महाराज को दिया है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि सरकार और प्रशासन यह जांच करें कि अखाड़ा परिषद में कितने अखाड़ों का समर्थन वास्तव में उन्हें प्राप्त है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तीन अखाड़ों (रामादल) को परिषद से बाहर किए जाने के बाद अखाड़ा परिषद अधूरी हो गई है। यदि रामादल की तीनों इकाइयों और 500 खालसा ने मिलकर अलग अखाड़ा परिषद बना ली, तो उस स्थिति में क्या होगा, यह सवाल भी संगठनों ने उठाया है।

## 15 दिन में दूसरी बार रात का पारा 9 डिग्री पर पहुंचा, वजह जेट स्ट्रीम हवा

**उज्जैन।** पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बहने से सर्दी बढ़ गई है। 15 दिन में दूसरी बार रात का पारा 9 डिग्री पर पहुंच गया है। इसके पहले 10 जनवरी को यह 9 डिग्री दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग भोपाल के अनुसार पश्चिमोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर लगभग 232 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बह रही है। इसके अलावा एक नया पश्चिमी विक्षोभ, मध्य एवं ऊपरी क्षोभ मंडलीय पश्चिमी पवन में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर अवस्थित है।

यही वजह है कि मकर संक्रांति के दूसरे दिन अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान लुढ़क गया है।

# रंगबिरंगा पैकेट : बन न जाए आफत की पुडिया, निगरानी मे खोलें पैकेट

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

चमकीली दुनिया मे बाजारवाद हावी है और पैक्ड फूड्स व वैफर्स का चलन जोरों पर है। गली मोहल्लों और देहातों की परचून दुकान पर रंगबिरंगे पैकेट्स व पाउच की लंबी लडी टंगी होती है और इन पैकेट्स मे चिप्स, कुरकुरे, भुजिया आदि होते हैं। बच्चे बडे उत्साह से इन कुरकुरे और चिप्स को पांच या दस रूपए मे खरीदकर इन्हे खोलते हैं और फिर खाते हैं।अभिभावक इसे देख खुश होते हैं। चाचा ,मामा, मौसी अपना पूरा लाड प्यार बच्चो को ये खरीदकर दिलाने मे समझ बैठते हैं किन्तु ये पैकेट्स कितने खतरनाक भी हो सकते हैं इस पर कभी चिन्तन नहीं करते।उडिसा मे घटित एक ताजे हादसे ने सभी को सचेत कर दिया जब एक बच्चे के चिप्स पैकेट से धमाके के साथ आग निकली और बच्चे का चेहरा झुलस गया। इस भयानक हादसे से बच्चे की एक आंख खराब हो गई।




#### पैक्ड पैकेट्स का रहस्य

खाद्य पदार्थ जैसे चिप्स व कुरकुरे आसपास की वायु मे उपस्थित आक्सीजन से अभिक्रिया करके जल्दी खराब हो जाते हैं और खाने योग्य नहीं होते। भोज्य पदार्थ को इसी आक्सीकरण से सुरक्षित रखने के लिए पैकेट्स से पूरी वायु बाहर निकालकर खाद्य सामग्री के साथ नाइट्रोजन गैस थोडी मात्रा मे भरकर पैक किया जाता

#### विशेष स्थिति मे गैस खतरनाक



वैसे तो नाइट्रोजन एक उदासीन गैस है। ये किसी से भी तुरंत अभिक्रिया नहीं करती है साथ ही ये ज्वलनशील गैस भी नही है पर विशेष स्थितियों मे जैसे उच्च तापमान व उच्च दाब होने पर ये विस्फोट कर सकती है। उडिसा हादसे मे बच्चा जब पैकेट को किचन मे जलती आग के पास लेकर इसे गया तभी विस्फोट हुआ।

-अंकिता चौहान, रसायनशास्त्री

#### सावधानी रखना जरूरी

सभी अभिभावक पहले तो कोशिश करें कि इन प्रिजवेर्टीव वाले पैक्ड फूड्स से बच्चो को दूर रखें और यदि कभी दिलाएं भी तो इसे अपनी निगरानी मे खोलें जो आग व आंच से दूर हो तभी हम अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकेंगे




-पारुल सुराना, अभिभावक

#### प्रदूषण भी फैलाते हैं



चिप्स व कुरकुरे के खाली पाउच जब बच्चे सडक या खुले मे फेक देते हैं तो ये नालियों को जाम करते हैं और नाली की गंदगी रोड पर फैलती है साथ ही ये उपजाऊ मिट्टी मे दबकर स्वाइल पॉल्यूशन पैदा करते हैं।

-अमिता मिश्रा , समाजसेवी

## चतुर्थ पुण्य स्मरण

कर स्मृति आपकी नयन छलक जाते है,
आपका कर्मशील जीवन, स्नेह, निष्ठा,
त्याग हमेशा हमें प्रेरणा देता रहेगा।
आपके दिव्य चरणों में शत्-शत् नमन...
आपके आदर्शो का अनुसरण करना ही
हमारी सच्ची श्रद्धांजलि ...

**ठा.सा.अंतरसिंह जी गौड़**
(रिटायर्ड कृषि विकास अधिकारी)
जन्म दिनांक : 13.03.1946
देवलोक गमन : 17.01.2022
पौष शुक्ल, 15 शाकम्भरी पूर्णिमा, वि.सं.2078

श्रद्धावनत
श्रीमती पदमा गौड़ (पत्नी),
राजेन्द्र-अमिता सिंह गौड़, शैलेंद्र - शर्मिला सिंह गौड़ (पुत्र -पुत्रवधु)
ममता गौड़ (पुत्री), रूद्र, प्रताप, धैर्य, प्रताप (पौत्र)
साक्षी, चित्रांशी, देवयानी, कृतिका (पौत्री) एवं समस्त गौड़ परिवार

न्यूज-कॉलम



## सेमल्दा, वराहनगर कोटेश्वर, बोधवाड़ा में घाट निर्माण का भूमिपूजन

**मनावर।** माँ नर्मदा की कृपा एवं पूज्य संतों के आशीर्वाद से धार जिले के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों पर नर्मदा जन्मोत्सव एवं सुविधायुक्त विशाल घाटों के निर्माण का शुभारंभ होने जा रहा है। जिसमें 25 जनवरी 2-26, रविवार सेमल्दा तीर्थ (मनावर) में माँ रेवा घाट निर्माण समिति द्वारा प्रातः 10 बजे माँ नर्मदा पूजन एवं चुनरी अर्पण। प्रातः 10.30 बजे कन्या पूजन, मां रेवा घाट संकल्प सभा एवं भोजन प्रसादी। दोपहर 12.15 बजे विशाल घाट निर्माण का शुभारंभ (भूमि पूजन) होगा। वराहनगर, बड़ा बडदा (बाकानेर) श्री वराहेश्वर तीर्थ क्षेत्र में श्री हरि हर घाट निर्माण समिति द्वारा शाम 4 बजे माँ नर्मदा पूजन, कन्या पूजन एवं श्री हरि हर घाट संकल्प सभा। शाम 5 से 6 बजे भूमि पूजन एवं घाट निर्माण शुभारंभ। शाम 6.15 बजे भव्य माँ नर्मदा महाआरती होगी। इस अवसर पर 20 जनवरी को दोपहर 12 से 4 बजे तक नगर भ्रमण एवं ध्वजारोहण होगा। उक्त जानकारी माँ रेवा घाट निर्माण समिति (सेमल्दा तीर्थ), श्री वराहेश्वर तीर्थ क्षेत्र (वराहनगर), एवं समस्त आयोजक समितियां, बड़ा बड़दा, कोटेश्वर नर्मदा बहुउद्देशीय सेवा संस्थान कोटेश्वर, प्राचीन श्री देवपथ लिंग मंदिर समिति बोधवाड़ा ने देते हुए धर्मप्रेमी जनता से आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की।

## औचक निरीक्षण में कलेक्टर ने छात्रावास व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, आलीराजपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रही बालिकाओं से संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, शौचालय, भोजन व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बालिकाओं से पढ़ाई, नियमित भोजन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनकी आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने छात्रावास परिसर, रसोईघर, शौचालय एवं आवासीय कक्षों का भी अवलोकन किया। साथ ही बालिकाओं के साथ बैठ कर भोजन भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक श्रीमती गीता चौहान को निर्देशित किया कि छात्राओं को शासन के निदेर्शानुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तथा बेहतर शैक्षणिक सुविधा सुनिश्चित की जाए। साथ ही छात्रावास की साफ-सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण एवं नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बालिका को भविष्य में अपने लक्ष्य प्राप्त के लिए सलाह दी ओर शुभकामनाएं दी । कलेक्टर ने कहा कि बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 24 जनवरी को गंगाकुई धाम से मां नर्मदा की पदयात्रा



**बाग।** मां नर्मदा जी के प्रकटोत्सव ( नर्मदा जयंती) पर्व के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मण गिरी महाराज की सिद्ध तपोभूमि के संत श्री श्री 1008 परम पूज्य गुरुदेव सुरज पूरी जी महाराज के सानिध्य में श्री गंगाकुई धाम से मां नर्मदा जी के पावन तट मेघनाथ घाट तक कि पदयात्रा का आयोजन रखा गया है । यह यात्रा दिनांक 24 जनवरी 2026 शनिवार को प्रातः 9 बजे श्री रणछोड़ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए 25 जनवरी 2026 रविवार को नर्मदा जयंती के दिन मेघनाथ घाट में मां नर्मदा जी का दुग्धाभिषेक पूजन 1008 मीटर चुनरी मनोरथ, एवं कन्या पूजन के बाद आरती एवं महा प्रसादी होगी । सभी यात्रियों के लिए चाय नाश्ता भोजन प्रसादी रात्रि विश्राम एवं वापस आने के लिए वाहन सुविधा भी रहेगी जो भी धर्मप्रेमी भक्त इस पुष्पदाई यात्रा में सहभागी बनना चाहता हे वो 100 रुपये न्योछावर राशि जमा करवा कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं । ओर इस यात्रा का धर्मलाभ ले।

## रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य शिविर का नि :शुल्क आयोजन 17 जनवरी को

**खंडवा।** रोटरी क्लब ऑफ खंडवा निमाड़ द्वारा 17 जनवरी को मरीजों के साथ विमर्श एवं 18 जनवरी को चयनित मरीजों का आरंभिक इलाज दिल्ली एन सी आर के डॉ प्रणव बिल्लौरे द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी सुनील जैन, लोकेश झवर ने बताया कि इस हेतु निःशुल्क पंजीयन जारी है जो सीमित संख्या में किया जायेगा। परियोजना संयोजक गोविन्द शर्मा और सतीश सकरगायें ने बताया कि ऑस्टियोपैथी एक समग्र और दवा-मुक्त चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की खुद को ठीक करने की क्षमता पर जोर देती है, जिसमें हड्डियों, मांसपेशियों, जोड़ों और स्नायुबंधों को हाथों से धीरे-धीरे मैनिपुलेट करके संतुलन बहाल किया जाता है ताकि दर्द कम हो, गतिशीलता बढ़े और शरीर का समग्र स्वास्थ्य सुधरे। इसमें दवा या सर्जरी का उपयोग नहीं होता, बल्कि ऑस्टि योपैथ अपने हाथों से मालिश, स्ट्रेचिंग और जोड़ों को सही स्थिति में लाने जैसी तकनीकें इस्तेमाल नहीं किया जाता। क्लब के अध्यक्ष सुशील मंडलोई ने इस बीमारी से जुड़े मरीज से आयोजित इस शिविर का लाभ लेने का अनुरोध किया।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 7771090777, 7773077762

बुरहानपुर से देश को मिली ऐतिहासिक सौगात

# अनित्य हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने शुरू की भारत की पहली डिजिटल हेल्थ कार्ड आधारित स्वास्थ्य सेवा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था में एक क्रांतिकारी बदलाव की शुरूआत करते हुए अनित्य हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बुरहानपुर जिले से भारत की पहली डिजिटल हेल्थ कार्ड आधारित स्वास्थ्य सेवा का भव्य शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार महेश मावले, गणेश दुगने, गोपाल देवकर, अशोक शाह एवं सभी पत्रकार साथियों के माध्यम से किया गया। यह कंपनी भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (रूष्ट्र) से विधिवत पंजीकृत है।

इस अभिनव पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को किफायती, सुलभ, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। कंपनी द्वारा जारी डिजिटल हेल्थ कार्ड के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, जांच, सर्जरी एवं दवाइयों पर 10 से 30 प्रतिशत तक की सुनिश्चित छूट प्रदान की जाएगी। अनित्य हेल्थ इंडिया द्वारा जारी डिजिटल हेल्थ कार्ड से जिले के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित– निजी अस्पतालों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैथोलॉजी लैबों, डायग्नोस्टिक सेंटरों मेडिकल स्टोर्स में मरीजों को विशेष प्राथमिकता उपचार, रियायती सेवाएँ तथा आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी का मूल उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी, दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को समान रूप से आधुनिक और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त हों। इसके लिए अनित्य हेल्थ इंडिया देशभर के निजी अस्पतालों, क्लीनिकों एवं मेडिकल सेवा प्रदाताओं के साथ मजबूत सहयोग स्थापित कर रही है।

डिजिटल हेल्थ कार्ड के माध्यम से– विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक जांच, ऑपरेशन एवं सर्जरी, मेडिकल स्टोर्स से दवाइयाँ, पैथोलॉजी एवं अन्य चिकित्सा सेवाएँ पर विशेष छूट देकर आमजन के आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

अनित्य हेल्थ इंडिया ने बुरहानपुर जिले के नागरिकों के लिए मात्र 1 रुपये प्रतिदिन की नाममात्र सदस्यता पर इस योजना की शुरूआत की है। इस अल्प राशि में जिले के सर्वश्रेष्ठ शासकीय मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित प्राइवेट अस्पतालों में – ट्रीटमेंट, ऑपरेशन, पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक टेस्ट, मेडिकल ,फिजियोथेरेपी, आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक परामर्श एवं उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके लिए स्वयं का हेल्थ प्लान, फैमिली प्लान चयन किया जा सकता है।

कंपनी के संस्थापक महेश मावले ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक ऐतिहासिक नवाचार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्टार्टअप्स को दिए जा रहे प्रोत्साहन से युवा उद्यमियों को नई ऊर्जा मिल रही है। कंपनी के युवा डायरेक्टर्स आकांक्षा मावले एवं अनित्य मावले के नवाचार, दृष्टि और समर्पण से यह स्टार्टअप साकार हो सका है।

## पुलिस ने डकैती की योजना बनाते तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार, चोरी की 5 मोटरसाइकिल जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन मे, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी श्री सुनिल कुमार गुप्ता के निर्देशन मे चोर/डकैतो को पकडने के लिए व बदमाशो के विरुध्द सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए थे। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी व टांडा पुलिस ने आरोपीयो की धरपकड हेतु लगातार दबिश दी जा है की दिनांक 15 जनवरी की रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश राजगढ़ कुक्षी रोड बड़ी नदी जेतगढ के पास आने जाने वाहनों को रोककर डकैती डालने की तैयारी कर रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल अलग-अलग टीमों टीम बनाकर घेराबंदी कर पकड़ा संतोष पिता गुमान सिंह भील निवासी झाई अकरम पिता कंगरसिंह भील निवासी झाई इकबाल पिता नवल सिंह निवासी झाई मौके पर हिरासत में लिया और दो आरोपी भागने में सफल हुए आरोपियों से एक देसी कट्टा मिला और अलग-अलग महंगी मोटरसाइकिल है जो गुजरात के कच्छ,इंदौर के मल्हारगंज खंडवा , महाराष्ट्र के पुणे से चुराना कबुल किया जो कीमती 7 लाख 20 हजार का बरामद हुए आरोपियों से पूछताछ कर विवेचना की जा रही है आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना टाण्डा प्रभारी संजय कुमार रावत,उप निरीक्षक रमेशचंद्र नायक उप निरीक्षक भूपेंद्र खरतीया सउनि योगेंद मावी, सउनि रामदास सोलंकी, प्रधान आर, माधव सिंह निलेश सापले, विनोद, आर. सुनिल पंवार ,जितेंद्र आकाश, बच्चूसिंह की भुमिका रही।

## मैं संघ शताब्दी वर्ष बोल रहा हूं - मुकेश मोलवा



**मंडलेश्वर।** मोगावां, चिंदड़िया, उमियाधाम करोंदिया और छोटी खरगोन के संयुक्त संकल्प स्वरूप ग्राम छोटी खरगोन में संत सिंगाजी हिंदू सम्मेलन सार्थकता के संग साकार हुआ। भारत माता की आरती से प्रारंभ हुए इस भव्य आयोजन में अंचल की मातृ शक्ति, वरिष्ठजन और सैकड़ों युवा सम्मिलित हुए। सिंगाजी धाम से पधारे श्री रमेशजी महाराज ने सनातन धर्म की अखंड और अनुपम यात्रा पर प्रकाश डाला। बौद्धिक वक्ता श्री कमल शिंदे ने पंच परिवर्तन को आज सर्वाधिक प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक समरसता और स्वदेशी के बोध संग आगे बढ़ना होगा। भारत माता को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाने हेतु हमें कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य के भाव को जागृत करना होगा। संत श्री द्वारकादासजी बापू ने हिंदू समाज को सावधान करते हुए कहा कि अयोध्या के श्री राम मंदिर में तो प्राण प्रतिष्ठा हो गई है किन्तु हमारे हृदय में अभी भी सनातन के प्रति सम्मान और जागरण की प्रतिष्ठा बाकी है। आपने कहा कि व्यास गद्दी और राज गद्दी आज दोनों सनातन धर्म के संवर्धन हेतु सतत अग्रसर है किंतु हिंदू समाज को भी इस पावन यज्ञ में अपनी सेवा आहूति समर्पित करना होगी। इंदौर के ओजस्वी कवि मुकेश मोलवा ने अपनी राष्ट्रवादी कविताओं से उपस्थित जनसमुदाय को झकझोर दिया। उन्होंने संघ के सम्मान में पढ़ा- मैं केशव की गोदी में जन्मा, पला, बड़ा हुआ। माधव की उंगली पकड़कर खड़ा हुआ। बालासाहेब देवरस ने संस्कारों से सींचा है। प्रोफेसर रज्जू भैया ने अखंड भारत का चित्र खींचा है। श्री सुदर्शन ने शाखा में कर्मों की गीता गाई है। मोहनरावजी भागवत ने जन्मभूमि पर धर्म ध्वजा फहराई है। मैं नए भारत का उत्कर्ष बोल रहा हूं। सुनो भारत वालों में संघ शताब्दी वर्ष बोल रहा हूं। वहीं नीमच से आईं राष्ट्रवादी कवयित्री दीपशिखा रावल ने तालियों की लय संग भारत वंदना गाई- स्वतंत्र सिंधु सी मुखर, करूं मैं तेरी आरती।

## बुरहानपुर में नया तहसील भवन का छत गिरा, 15 दिन में खुली पोल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बहादरपुर रोड पर करोड़ों की लागत से बने नए तहसील-एसडीएम भवन की हकीकत गुरुवार को खुद छत से गिरकर सामने आ गई। तहसीलदार प्रवीण ओहरिया के कक्ष में उनकी डायस के ठीक सामने छत का प्लास्टर अचानक नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि उस वक्त तहसीलदार और पक्षकार कक्ष में नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बुरहानपुर में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत पुराने अस्पताल, तहसील और जनपद कार्यालय की जमीन करीब ११३ करोड़ रुपए में बेची गई थी। इसी रकम से नया एसडीएम कार्यालय, तहसील भवन और जनपद पंचायत भवन तैयार किया गया। एसडीएम और तहसील कार्यालय तो शिफ्ट हो गए, लेकिन अब पहली ही बारिश या नमी के पहले ही भवन की परतें उधड़ने लगी हैं। तहसीलदार प्रवीण ओहरिया ने इसे सामान्य बताते हुए कहा कि पलस्तर अचानक गिरा है, कोई नुकसान नहीं हुआ। लेकिन सवाल यह है कि नया भवन है या पुराना खंडहर अगर 15 दिन में ही पलस्तर गिरने लगे, तो आगे क्या होगा? कांग्रेस प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल ने इस घटना को भाजपा सरकार के विकास मॉडल की असल तस्वीर बताते हुए कहा नवनिर्मित तहसील भवन में एक माह भी पूरा नहीं हुआ और छत गिरने लगी। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में दी सख्त हिदायत, सभी विभागों को ए ग्रेड में आने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में विभागवार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि वह डी ग्रेड से ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करे तथा सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें। साथ ही जिले में पानी की टंकियों की नियमित सफाई कराना भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ को नॉन-अटेंड शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए और कहा कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी शिकायत का निम्न गुणवत्ता से निराकरण न किया जाए तथा सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण ढंग से बंद किया जाए। इसके अलावा राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, परिवहन, जनजातीय कार्य विभाग सहित सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को ए ग्रेड में आने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने नॉन-अटेंड शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि कोई भी शिकायत नॉन-अटेंड नहीं रहनी चाहिए,अन्यथा संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी कर वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करे और किसी भी हितग्राही का हित प्रभावित न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार, सीएमएचओ डॉ. राजेश अतुलकर सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाग में ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र बाग में समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया था।

जन शिक्षा केंद्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से कक्षा वार एवं विषय वार चयनित विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय द्वितीय चरण की प्रतियोगिता का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र बाग के मॉडल हाई स्कूल बाग में आज परीक्षा केंद्राध्यक्ष मनीष कुमरावत सहायक परीक्षा प्रभारी जितेंद्र भिड़े पृथ्वीराज चौहान के दायित्व में प्रारंभ हुई आज दिनांक 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 3.30 बजे तक तीन चरणों में परीक्षा का आयोजन किया गया प्राथमिक में चयनित 85 मैसे 63 विद्यार्थी उपस्थित रहे जबकि माध्यमिक विद्यालय के 126 मैसे 95 कुल 211 मैसे 158 चयनित विद्यार्थी उपस्थित रहे सभी परीक्षार्थी शिक्षक और अभिभावक को सब्जी पूरी सेव जलेबी का भोजन कराया गया। उक्त परीक्षा का निरीक्षण जिला स्तरीय दल के एपीसी रमेश निंगवाल बीआरसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया उक्त परीक्षा के सफल संचालन में विशेष योगदान जन शिक्षक नरसिंह मेडा किशोर भाभर दिनेश बघेल विजेंद्र कुमार कुशवाहा प्रेम सिंह मंडलोई का रहा जबकि ऑनलाइन इंट्री का कार्य परम सिंह चौहान मुकेश डावर द्वारा किया गया। पर्यवेक्षक का कार्य दीप्ति अजनारिया वंदना चौहान सौभेनद्र भाभर निर्भय सिंह किराड़े मुन्ना अनारे कालु चौहान अर्चना बघेल जया बघेल अनिता चौहान राज खरे महेश डोड़वे को नियुक्त किया गया था।

## लाडली बहना योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में "मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना" के हितग्राहियों को माह जनवरी 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन माखन नगर नर्मदापुरम में आयोजित किया गया था। जिसका सीधा लाइव प्रसारण कलेक्टर कार्यालय ऑडिटोरियम में हितग्राहियों द्वारा देखा और सुना गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरीबाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता से सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नई गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीयन हेतु प्रसव पूर्व देखभाल की जानकारी दी गई। साथ ही गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, दूध, गुड़ एवं चना, आयरन युक्त फल (अनार, केला, सेब) तथा विटामिन-सी युक्त फल (संतरा, नींबू) के सेवन के लिए प्रोत्साहित किया गया। गर्भावस्था में आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी देते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु परामर्श भी दिया गया।कार्यक्रम में व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें मोटे अनाज एवं पोषण आहार से संबंधित व्यंजन बनाये गये।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के लिए भी जिला प्रशासन ने दिए निर्देश

**बड़वानी ।** जिले में सीएससी सेंटर संचालकों को फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन एवं जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें जिले के प्रत्येक किसान का फार्मर आईडी बनाया जाना है, जिससे पीएम किसान सम्मान निधि एवं खाद वितरण में किसानों को लाभ प्राप्त होगा। समस्त किसानों की एग्रीस्टैक पोर्टल पर पटवारी, स्थानीय युवा सर्वेयर एवं सीएससी सेंटर के द्वारा फार्मर आईडी का कार्य किया जा रहा है। किसान स्वयं भी एग्रीस्टैक एप के माध्यम से फार्मर आईडी बना सकते है। इस प्रशिक्षण के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की योजना अंतर्गत तीन श्रेणियों आयुष्मान- ७० प्लस , कर्मकार मंडल एवं धरती आबा अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु सीएससी संचालको को निर्देशित किया गया।

## संकल्प से समाधान अभियान के जरिए घर-घर पहुँच रहा प्रशासन

**बड़वानी ।** जिले के पात्र हितग्राहियों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में संकल्प से समाधान अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना और ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना है। अभियान की मुख्य गतिविधियाँ और प्रगति 1.डोर-टू-डोर सर्वे- नगर पालिका परिषद सेंधवा के वार्ड क्रमांक 13 व 14 और नगर पालिका परिषद बड़ी के वार्ड 2, 5, 10, 14, 24 में दल के सदस्यों ने घर-घर दस्तक दी। इस दौरान पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनके आवेदन और शिकायतें मौके पर ही दर्ज की गईं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- बंशीलाल भंवरलाल जोशी, रमेश, जमनाबाई, विमलबाई जोशी व अन्य क्रेता- श्रीमती माधवी पति श्री नीरज गेहलोत पता- भूखंड क्रमांक 42 सेक्टर-बी स्पार्ट टाउन इन्दौर पिन- 1003901930 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- बंशीलाल भंवरलाल जोशी, रमेश जोशी, जमनाबाई व अन्य क्रेता- श्रीमती माधवी पति श्री नीरज गेहलोत पता- भूखंड क्रमांक 41 सेक्टर-बी स्पार्ट टाउन इन्दौर पिन- 1003901930 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- कंचन वाधवानी, पूर्व नाम- विजय कुमार पिता मनोहर पता- 78/सी वैशाली नगर इन्दौर पिन- 1001178453 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# पल-पल को पूरा जियो



एक राजकुमार युद्ध हारकर शरण के लिए जंगल में भाग जाता है। दुश्मन पीछे लगे हैं। राजकुमार मुश्किल में पड़ जाता है, क्योंकि वह पहाड़ी पर ऐसी जगह पहुंच गया है, जहां रास्ता समाप्त हो जाता है। आगे भयंकर खाई है। दुश्मनों के आने की आवाज सघन होती जाती है। एक-एक घड़ी मौत करीब आ रही है। राजकुमार हिम्मत जुटाता है। सोचता है, छलांग लगा देता हूं, क्योंकि दुश्मन के हाथ लगा, तो तत्क्षण गर्दन कट जाएगी। हालांकि, छलांग लगाना भी कम खतरनाक न था, उसमें भी बचने की बहुत आशा न थी। फिर भी, दुश्मन के हाथ लगने के मुकाबले इसमें क्षीण आशा थी कि शायद हाथ-पैर टूटे, लेकिन जीवन बच जाए। कभी-कभी चमत्कार भी होता है। क्या पता, गिरूं और बच जाऊं। संभव है कि न हाथ टूटें, न पैर। राजकुमार नीचे झांककर देखता है। नीचे दो शेर मुंह बाए ऊपर की तरफ देख रहे थे। राजकुमार के लिए कूदने पर बच जाने का अब कोई भरोसा न रहा। उधर दुश्मन के घोड़ों की टाप बढ़ने लगी। कोई और रास्ता न देखकर वह एक मोटे वृक्ष के तने को पकड़कर झाड़ियों में लटक गया कि शायद दुश्मनों को वह दिखाई न पड़े और वे यह सोचकर कि रास्ता समाप्त हो गया है, वापस अपने बड़े में लौट जाएं। अगर दुश्मन लौट गए, तो आशा है कि वह बच जाए। राजकुमार जब गौर से पेड़ की जड़ों की ओर देखता है, तो पाता है कि यहां भी मुसीबत है। जिस पेड़ की मदद से वह लटका था, उसे एक सफेद और एक काला चूहा काट रहे थे। यहां दिन और रात के प्रतीक हैं सफेद और काले चूहे। अब तो बचने की कोई संभावना नहीं है। दुश्मनों की आवाज बढ़ती जाती है, शेरों का गर्जन बढ़ता जाता है। इधर चूहे हैं कि जड़ काटे डाल रहे हैं। अब कटी कि तब कटी। ज्यादा देर नहीं लगेगी, जड़ कटती जा रही है। तभी पास के एक मधु-छत्ते से शहद की बूंद टपकती है। अपनी जीभ पर वह शहद की एक बूंद को ले लेता है। उसका स्वाद बड़ा मधुर है। उस क्षण में राजकुमार सब कुछ भूल जाता है- दुश्मन के घोड़ों की टाप, शेरों की गर्जना, सफेद और काले चूहों का जड़ें काटना। वह सब भूल जाता है। शहद बड़ा मीठा ही है। बुद्ध कहते हैं, पीछे मौत है, आगे भी मौत है, जन्म बीच में है। तुम जहां भी खड़े हो, दोनों तरफ मौत है, आगे भी, पीछे भी। यह स्थिति है। बुद्ध की इस कथा का अर्थ है- प्रतिपल का स्वाद इस समग्रता से लेना चाहिए कि तुम मृत्यु का अतिक्रमण कर जाओ। वह क्षण अपने में पूरी शाश्वतता समेट ले।



सम्पादकीय

## बंगाल से मांगा जवाब

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य पुलिस को नोटिस जारी करते हुए व्यवस्था की एक त्रासद पहेली को सुलझाने की कोशिश की है। बीते सप्ताह कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर पर ईडी ने छापामारी की थी, जिसे रोकने या प्रभावित करने की कोशिश खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में की गई। ऐसी कोशिश क्यों हुई? इसकी सीबीआई जांच की मांग ईडी ने सर्वोच्च न्यायालय में की और न्यायालय ने संबंधित पक्षों से जवाब-तलब किया है। यह बात सर्वविदित है कि छापेमारी के समय मुख्यमंत्री का वहां पहुंचना और स्वयं ही कुछ कागजों या सुबूतों को अपने साथ ले जाना उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। न्यायालय में एक बड़ा सवाल यह उठा कि क्या राज्य की एजेंसियां केंद्रीय एजेंसी को किसी गंभीर अपराध की जांच करने से रोक सकती हैं? अगर नहीं रोक सकतीं, तो फिर ममता बनर्जी के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी? उन्हें अदालत में यह बताना होगा या साबित करना होगा कि राज्य की एजेंसी अचानक किसी केंद्रीय एजेंसी के काम में दखल दे सकती है।

बेशक, जांच में दखल की सीमा तय करना जरूरी है, क्योंकि आने वाले समय में जब स्वार्थ की सियासत तेज होगी, तब ऐसे अनेक मौके आएंगे, जब एजेंसियां आमने-सामने खड़ी हो जाएंगी। ऐसे में, यह तय करना जरूरी हो जाएगा कि कौन जांच एजेंसी किस जांच एजेंसी के काम में दखल दे सकती है। इस पूरे मामले को सिर्फ सियासी नजरिये से नहीं देखा जा सकता और इसमें सांविधानिक स्थिति बहुत स्पष्ट होनी चाहिए। कोलकाता में जो अभूतपूर्व स्थिति बनी, उसका सही पटाक्षेप होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ ने ईडी की याचिका को गंभीरता से लिया है। हालांकि, न्यायालय में बचाव पक्ष की ओर से पूरी कोशिश रही कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री या राज्य पुलिस को किसी प्रकार का नोटिस जारी न हो। इस कोशिश के जवाब में बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए अदालत ने कह दिया कि इस मामले की जांच जरूरी है, ताकि अपराधियों को राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की आड़ में संरक्षण न मिल सके। लगे हाथ, अदालत ने ईडी के लिए भी कहा कि किसी भी केंद्रीय एजेंसी को किसी भी पार्टी के चुनाव कार्य में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है।

### ईरान, ट्रंप और प्रतिरोध की राजनीति

# जैसी करनी वैसी भरनी : साम्राज्यवाद के विरुद्ध खड़ा होता ईरान



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कुछ संघर्ष केवल सीमाओं या संसाधनों तक सीमित नहीं होते, वे विचारधाराओं, सत्ता-संतुलन और नैतिकता की भी परीक्षा लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच दशकों से चला आ रहा टकराव ऐसा ही एक संघर्ष है, जो समय-समय पर नए रूपों में सामने आता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान यह टकराव जिस तीव्रता और आक्रामकता के साथ उभरा, उसने वैश्विक राजनीति को एक बार फिर शीतयुद्धोत्तर दौर की अस्थिरता की याद दिला दी।

1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान अमेरिका की रणनीतिक और वैचारिक राजनीति का लक्ष्य रहा है। अमेरिका ने ईरान को केवल एक राष्ट्र-राज्य के रूप में नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक मॉडल के रूप में देखा-ऐसा मॉडल जो पश्चिमी प्रभुत्व, इजराइल-केन्द्रित पश्चिम एशिया नीति और अमेरिकी साम्राज्यवादी सोच को चुनौती देता है। यही कारण है कि ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध, कूटनीतिक अलगाव और सैन्य दबाव लंबे समय से अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में यह नीति और अधिक कठोर, असंवेदनशील और टकरावपूर्ण हो गई। 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते से अमेरिका का एकतरफा हटना न केवल कूटनीतिक असंतुलन का उदाहरण था, बल्कि यह भी दशार्ता था कि ट्रंप प्रशासन अंतरराष्ट्रीय सहमति और बहुपक्षीयता को किस हद तक नजरअंदाज करने को तैयार था। इसके बाद ईरान पर अधिकतम दबाव नीति लागू की गई, जिसका उद्देश्य ईरानी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाना और शासन को आंतरिक विद्रोह की ओर धकेलना था।

लेकिन इतिहास साक्षी है कि दबाव हमेशा झुकाव पैदा नहीं करता। कई बार वह प्रतिरोध को जन्म देता है। ईरान के मामले में भी यही हुआ। आर्थिक कठिनाइयों, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद ईरान ने अपने राजनीतिक अस्तित्व, संप्रभुता और वैचारिक पहचान को बनाए रखा। यहाँ यह समझना जरूरी है कि ईरान का विरोध केवल अमेरिका की नीतियों से नहीं है, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था से है जिसमें कुछ गिने-चुने देश स्वयं को न्यायाधीश और शेष दुनिया को अभियुक्त मान लेते हैं।

जैसी करनी वैसी भरनी का सिद्धांत केवल नैतिक कहावत नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी गहराई से लागू होता है। पश्चिम एशिया में दशकों तक किए गए अमेरिकी हस्तक्षेप-इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया-ने क्षेत्र को स्थिरता नहीं, बल्कि अराजकता दी। लोकतंत्र के नाम पर सत्ता परिवर्तन, मानवाधिकारों के नाम पर सैन्य आक्रमण और आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या-इन सबने अमेरिका की नैतिक साख को गहरा नुकसान पहुँचाया। ऐसे में जब ईरान अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है, तो वह केवल अपनी रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि उस व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है, जो ताकत को ही न्याय मानती है।

ट्रंप की विदेश नीति का एक और खतरनाक पहलू उसका व्यक्तिवादी और आवेगपूर्ण स्वभाव था। कूटनीति संवाद और धैर्य से चलती है, जबकि ट्रंप की राजनीति ट्वीट, धमकी और शक्ति-प्रदर्शन पर आधारित थी। ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या इसी मानसिकता का परिणाम थी। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन थी, बल्कि इसने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। इसके बाद ईरान की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब वह केवल सहने की नीति पर नहीं चल रहा।

ईरान की राजनीति को अक्सर पश्चिमी मीडिया में कट्टर, दमनकारी और पिछड़ा बताकर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन यह चित्रण अधूरा और एकांगी है। ईरान की जनता ने बार-बार यह साबित किया है कि वे बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे, चाहे वह कितनी भी आकर्षक शब्दावली में क्यों न लपेटा गया हो। ईरान में सरकार की आलोचना होती है, विरोध होते हैं, लेकिन जब बात राष्ट्रीय संप्रभुता की आती है, तो जनता और सत्ता एकजुट दिखाई देते हैं। यही वह तत्व है जिसे पश्चिमी रणनीतिकार अक्सर समझने में चूक जाते हैं।

भारत जैसे देशों के लिए यह पूरा परिदृश्य एक गंभीर चेतावनी भी है और अवसर भी। ईरान भारत का पारंपरिक मित्र रहा है-ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय संपर्क (चाबहार बंदरगाह) और मध्य एशिया तक पहुँच के लिहाज से ईरान का महत्व असंदिग्ध है। लेकिन अमेरिका के दबाव में भारत का ईरान से दूरी बनाना उसकी स्वतंत्र विदेश नीति पर प्रश्न खड़े करता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को किसी तीसरे देश की नाराजगी के डर से गिरवी न रखे।

आज वैश्विक राजनीति एक संक्रमण काल से गुजर रही है। एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था की पकड़ ढीली पड़ रही है और बहुध्रुवीयता का उदय हो रहा है। ऐसे में ईरान जैसे देश, जो लंबे समय से दबाव और प्रतिबंधों के बीच खड़े रहे हैं, नए शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रूस-चीन-ईरान के बढ़ते समीकरण इस बदलाव के संकेत हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अब दुनिया केवल वाशिंगटन के इशारों पर नहीं चलेगी।

अंततः प्रश्न यह नहीं है कि ईरान सही है या अमेरिका गलत। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या वैश्विक राजनीति में शक्ति ही न्याय का एकमात्र पैमाना होगी, या फिर अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और समानता के सिद्धांतों को वास्तविक सम्मान मिलेगा। यदि बड़े राष्ट्र अपनी करनी से दुनिया को डराते रहेंगे, तो भरनी के रूप में उन्हें अस्थिरता, अविश्वास और प्रतिरोध ही मिलेगा।

ईरान और ट्रंप के दौर की अमेरिकी राजनीति हमें यही सिखाती है कि दमन से स्थायित्व नहीं आता, और धमकी से सम्मान नहीं मिलता। इतिहास अंततः उसी का पक्ष लेता है जो अपनी संप्रभुता, आत्मसम्मान और जनता की चेतना के साथ खड़ा रहता है। और शायद यही जैसी करनी वैसी भरनी का सबसे बड़ा राजनीतिक अर्थ है।

## संन्यास का सिंहासन

रात के ढाई बज रहे थे। सन्नाटा इतना गहरा था कि ड्राइंग रूम में रखे एक्वेरियम के फिल्टर की गड़गड़ाहट भी किसी कारखाने के शोर जैसी लग रही थी। नीरज ने करवट बदली। उसकी देह 'मेमोरी फोम' के महँगे गद्दे में धंसी हुई थी, पर मन किसी काँटेदार झाड़ी पर टंगा था। उसने कमरे का तापमान 24°C से घटाकर 22°C किया, पर बेचैनी कम नहीं हुई।

खिड़की के भारी पर्दों के पीछे से बाहर की रोशनी झाँक रही थी। नीरज उठा और गैलरी की ओर बढ़ा। नीचे लॉन में, जहाँ ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर लगे थे, बद्रीनाथ जी अपनी काली मूँज की खाट बिछाए पड़े थे।

बद्रीनाथ जी-जिन्होंने जीवन भर अपनी पीठ सीधी रखी ताकि बच्चे सिर उठा कर चल सकें। पर अब, जब बच्चों ने उन्हें 'आराम' का आसमान देना चाहा, तो उन्होंने उसी आसमान में अपनी 'असुविधा' के छेद कर दिए।

बाबूजी, ओस पड़ रही है। अंदर चलिए, जुकाम हो जाएगा, नीरज ने पहली मंजिल की बालकनी से फुसफुसाते हुए कहा। आवाज में दबी हुई प्रार्थना थी और थोड़ी चिढ़ भी।

बद्रीनाथ जी ने करवट ली। मूँज की खाट ने एक थकी हुई चरमराहट पैदा की। वह बोले नहीं, बस अपना मटमैला गमछा उठाकर चेहरे पर डाल लिया। यह उनका मौन 'निषेध' था। वह बिना बोले कह रहे थे-तुम अपनी कृत्रिम हवाओं में सोओ, मैं इस ब्रह्मांड की धूल और ओस का हिस्सा हूँ।

नीरज को वह वाकया याद आया जब उसने बाबूजी के लिए सेल फोन खरीदा था। बाबूजी ने उसे ऐसे देखा जैसे वह कोई परमाणु बम हो। बोले, इसकी क्या जरूरत है? जिसे काम होगा, घर आएगा। आदमी को इतना सुलभ नहीं होना चाहिए कि उसकी कीमत कौड़ी की रह जाए। तब से वह फोन दराज में पड़ा अपनी आत्मा (बैटरी) सुखा रहा है, और बाबूजी आज भी किसी को संदेश देने के लिए दो मील पैदल चलकर उसके घर चले जाते हैं। नीरज की पत्नी, मीना, अक्सर कहती, तुम्हारे बाबूजी शहीद होने का कोई मौका नहीं छोड़ते। वह चाहते हैं कि हम हर निवाले के साथ यह याद रखें कि वह भूखे रह सकते हैं।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 जनवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 18:00
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - चतुर्दशी 24:04 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - मूल 08:12 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - व्याघ्र 21:18 उपरांत हर्षण
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 27 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह-** चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**तुला-** किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु-** पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें।

**मकर-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**कुंभ-** कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

विचार मंथन

## भाजपा और कांग्रेस : एक तुलनात्मक अध्ययन



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

बीते दशक में चाहे कांग्रेस का नेतृत्व लचर रहा हो, लेकिन उसके अधिकांश परंपरागत मतदाताओं ने अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखी है। यह जरूर है कि नए मतदाताओं को साधने में कांग्रेस सर्वथा असमर्थ रही। बीते दशकों की अपेक्षा नई पीढ़ी की बहुआयामी चेतना के चलते उसकी तार्किक क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस दशक के नए मतदाताओं में तार्किक आकलन के साथ गुण-दोष के आधार पर मतदान करने की मनोवृत्ति पाई जाती है। उनमें यह समझ स्वाभाविक रूप से विकसित दिखाई देती है कि क्या सही है और क्या गलत है। कांग्रेस के निरंतर कमजोर होने के पीछे यही मुख्य वजह है कि वह नई पीढ़ी के मतदाताओं को लुभाने में नाकामयाब रही है।

इसके विपरीत भाजपा अपने जनाधार में निरंतर बढ़ोतरी करने में सफल रही है। कांग्रेस का परंपरागत खानदानी नेतृत्व एकमात्र अपने पूर्वजों की साख पर टिका हुआ है। नई पीढ़ी राष्ट्र के नवनिर्माण में नेहरू से लेकर लगभग राजीव तक के अहम योगदान से भलीभांति परिचित नहीं है। जबकि भाजपा पूर्ववर्ती जनसंघ की मूल अवधारणा में सामयिक रूप से तनिक संशोधन कर वर्तमान संदर्भों में नई पीढ़ी के गले अपनी बात उतारने में सफल रही है। यही कारण है कि केंद्र के साथ-साथ अनेक राज्यों में कांग्रेस के विकल्प के रूप में जागृत जनमत के बहुमत का समर्थन उसने प्राप्त किया है। संघर्ष से सफलता के शिखर पर विराजित होने का सफर भाजपा के अपने पुरुषार्थ पर टिका हुआ रहा है।

बीते दौर में कांग्रेस के पास करिश्माई नेतृत्व था, लेकिन आज उसके पास ऐसा कोई नेतृत्व नहीं है -जो जनमानस को लुभा सके। इसके विपरीत भाजपा मे अलग-अलग दौर में करिश्माई नेतृत्व की झलक मिलती रही है। इस दशक में भाजपा के पास राष्ट्रीय ही नहीं अपितु प्रादेशिक करिश्माई नेतृत्व की भी बहुत बहुतायत है। परंपरागत कांग्रेसी विचारधारा वाला वर्ग परिवार विशेष के नेतृत्व को ही तवज्जो देता गया, यह सिलसिला आज भी जारी है। लेकिन अहम सवाल यह है कि इस परिवार के पास कांग्रेस को नेतृत्व देने की पारिवारिक अग्रिम पंक्ति का विकल्प नहीं है। ऐसे में परंपरागत कांग्रेसियों का परिवार विशेष की नीति और नीयत पर आश्रित रहना, किसी भी दृष्टि से संभव नहीं लगता।

विगत दशक के दौरान जिन्हें मतदान की पात्रता हुई, अपने विचार और अपनी सोच के आधार पर राजनीति में उन्होंने कांग्रेस की अपेक्षा भाजपा को ही समर्थन दिया। यह पीढ़ी स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के स्वर्णिम कालखंड की उपलब्धियों से भी काफी हद तक अनभिज्ञ रही। वैसे नई पीढ़ी अतीतजीवी नहीं होती, वह वर्तमान में ही अधिक विश्वास किया करती है। इसके चलते बिना किसी पूर्वाग्रह के देश में प्रचलित राजनीतिक दलो की नीति-नीयत और विचारधारा से प्रभावित होती है। इस पीढ़ी पर पुरानी अवधारणा या विचारधारा को एकदम से थोपा नहीं जा सकता। इसका दृष्टिकोण काफी हद तक वैज्ञानिक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक भी होता है। इस पीढ़ी को साधने का कांग्रेस नेतृत्व द्वारा गंभीर प्रयास नहीं किया गया।

बीते दौर में कांग्रेस का करिश्माई नेतृत्व वंश परंपरा के आधार पर नित नई राजनीतिक सफलता प्राप्त करता रहा। लेकिन आज के दौर में कांग्रेस के पास ऐसा कोई करिश्माई नेतृत्व नहीं है, जिस पर नागरिक आंख मूंद कर विश्वास कर सके। इसके विपरीत भाजपा के पास करिश्माई नेतृत्व ही नहीं, अपितु उनके पात्र उत्तराधिकारियों की भी एक लंबी श्रृंखला है। जो अपनी खानदानी विरासत के बल बूते पर नहीं बल्कि जन-जन में अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अनूठी छाप स्थापित करते हुए वर्तमान मुकाम तक पहुंचे हैं। अन्य दलों की तुलना में भाजपा के पास अपनी नीति और अपने सिद्धांत है, जो किसी व्यक्तिवादी अवधारणाओं के मोहताज नहीं है।

# स्मृति स्वरूप: वीरान में बसंत लाने का श्रेय



श्रीमती बसंती बाई मेहता

दैनिक अवंतिका के पितृ पुरुष जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार श्री गोवर्द्धनलालजी मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती बाई मेहता (सुपुत्री-स्व. श्री रामनारायणजी) स्व श्रीमती मिश्री बाई (रामू बाई) नागर एक छोटे गांव डेलची से आकर उज्जैन में वीरान में बसंत खिलाया, तथा संयुक्त परिवार की स्थापना कर उज्जैन का नाम सारे देश में प्रतिष्ठित किया।

वे जब ब्याह कर उज्जैन मकोडियाआम आई तब सबसे बड़े होने के कारण सारी जिम्मेदारी एवं संघर्ष उनके हिस्से ही आया क्योंकि उनके श्वसुर स्व. श्री गेंदालालजी मेहता सन्यासी होकर हरिद्वार में रहते थे, स्व. श्री गोवर्द्धनलालजी मेहता के तीन छोटे भाईयों के परिवार की देखरेख उनके बच्चों की परवरिश, शिक्षण-ब्याह आदि की जिम्मेदारी भी सबसे बड़े होने से स्व. श्री गोवर्द्धन लालजी मेहता और उनकी जीवन संगिनी स्व. श्रीमती बसंती बाई पर रही उन्होंने अपने परिश्रम एवं निष्ठा के बल पर मकोडिया आम स्थित कृषि भूमि को चमन किया बल्कि अपने पति स्व. श्री गोवर्द्धनलालजी मेहता जो समाचार पत्र दैनिक अवंतिका की स्थापना-विस्तार में संलग्न थे उन्हें भी भरपूर सहयोग दिया।

उनमें प्रेम एवं मातृत्व भाव इतना कूट-कूट कर भरा था कि अपने परिवार के साथ-साथ रिश्तेदारों-समाजजनों को भी उन्होंने प्रश्रय दिया एवं लाभान्वित किया। मालवा माटी में माँ सरस्वती के वरद पुत्र पं. कमल किशोरजी नागर को भी आगे बढ़ाने का श्रेय बाई को रहा। उनके जैसे लोग आज के जमाने में दुर्लभ है, उनका सबके प्रति प्रेम और सहयोग की जो भावना थी वह अविस्मरणीय है, अपने-पराए सब उनके थे। आज अवन्तिका परिवार की जो प्रतिष्ठा देश व समाज में हैं उसमें स्व. श्रीमती बसंती बाई मेहता का बहुत बड़ा योगदान है उनके पुण्य स्मरण पर यही कामना है कि उनके जैसा प्रेम अपनत्व और मातृत्व भाव हम थोड़ा सा भी अपने अंदर जागृत करने में सफल हो तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## आध्यात्मिक शक्ति से सुसंस्कृत परिवार की स्थापना



श्रीमती रमा सुरेंद्र जी मेहता

स्मृति प्रसंग दिनांक 17 जनवरी अपने सास-श्वसुर स्व. श्री गोवर्द्धनलाल जी मेहता एवं श्रीमती बसंती बाई मेहता से प्राप्त धरोहर को प्रगति देकर आगे बढ़ाने का श्रेय स्व. श्रीमती रमा मेहता को जाता है। पारिवारिक कारोबार की उन्नति एवं सुसंस्कृत परिवार की स्थापना में उन्हें अपनी आध्यात्मिक रुचि का बड़ा लाभ मिला, वे कई वर्ष तक प्रातः काल पैदल श्री महाकालेश्वर मंदिर दर्शन हेतु जाती रही तथा उसके बाद उनकी दिनचर्या शुरू होती थी। श्री राधाजी का ही एक नाम 'रमा' भी है उन्हीं की तरह दया एवं करुणा की प्रतिमूर्ति श्रीमती रमा मेहता ने प्रतिष्ठित परिवार की परम्पराओं को कायम रखा, न केवल ससुराल परिवार अपितु मायके में भी सदैव सबका ध्यान रखा, उनके पुण्य स्मरण के अवसर पर उनसे अध्यात्म के प्रति रुचि रखते हुए जीवन की समस्याओं से निपटने हेतु आध्यत्मिक शक्ति प्राप्त करने की शिक्षा लेकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

धर्म-आस्था

# सारे तीर्थ बार-बार, गंगा सागर एक बार



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की तीर्थ परंपरा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और जीवन-दर्शन की सतत धारा है। इन्हीं परंपराओं में गंगा सागर का स्थान सर्वोपरि माना गया है। जनमानस में प्रचलित उक्ति-ह्लसारे तीर्थ बार-बार, गंगा सागर एक बारह्न-केवल एक कहावत नहीं, बल्कि उस आध्यात्मिक अनुभव का सार है, जिसमें समस्त तीर्थों का पुण्य एक स्थान पर सिमट आता है। गंगा सागर को तीर्थों का पिता कहा गया है, क्योंकि यहाँ गंगा और सागर का संगम होता है-नदी और समुद्र का, प्रवाह और विराटता का, जीवन और अनंतता का।

जहाँ गंगा समुद्र में विलीन होती हैं, वही स्थल गंगा सागर कहलाता है। यह स्थल बंगाल की खाड़ी में स्थित सागर द्वीप पर अवस्थित है, जो कभी घने वनों और एकांत साधना के लिए जाना जाता था। प्राचीन काल में इसे पाताल लोक के नाम से भी जाना गया। आज भी मेले के अतिरिक्त दिनों में यहाँ एक गहन शांति और विरक्ति का वातावरण अनुभव किया जा सकता है, जहाँ प्रकृति और साधना का अद्भुत संगम दिखाई देता है। मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला गंगा सागर मेला देश के सबसे प्राचीन और पवित्र मेलों में से एक है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है और यह परिवर्तन केवल खगोलीय नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा सागर में स्नान करने से समस्त तीर्थों का पुण्य फल प्राप्त होता है। प्रातःकाल से लेकर दोपहर तक स्नान, मुंडन, श्राद्ध और पिंडदान के कर्म संपन्न होते हैं। श्रद्धालु केवल शरीर की शुद्धि नहीं करते, बल्कि अपने भीतर की अशांति, अहंकार और क्लेश को भी इस संगम में विसर्जित करने का प्रयास करते हैं।

गंगा सागर का धार्मिक महत्व कपिल मुनि और राजा सगर की कथा से गहराई से जुड़ा हुआ है। रामायण और पुराणों में वर्णित यह कथा भारतीय संस्कृति में कर्म, तप और करुणा का प्रतीक मानी जाती है। राजा सगर के साठ हजार पुत्रों का उद्धार, भगीरथ की कठोर तपस्या और गंगा का पृथ्वी पर अवतरण-ये सभी प्रसंग यह सिखाते हैं कि व्यक्तिगत प्रयास जब लोककल्याण से जुड़ जाता है, तब वह इतिहास बन जाता है। भगीरथ के प्रयत्नों से गंगा का पृथ्वी पर आना केवल एक नदी का अवतरण नहीं था, बल्कि जीवनदायिनी चेतना का प्रवाह था। इसी कारण गंगा का एक नाम भागीरथी भी पड़ा। कपिल मुनि का आश्रम और उनका मंदिर गंगा सागर की आध्यात्मिक पहचान का केंद्र है। आज यहाँ कपिल ऋषि का मंदिर, भगीरथ, राजा सगर और हनुमान जी की प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालुओं को उस कथा की स्मृति कराता है, जिसमें तपस्या, क्षमा और उद्धार के सूत्र निहित हैं। इसके अतिरिक्त योगेंद्र मठ, महादेव मंदिर, शिवशक्ति महा निर्वाण आश्रम और भारत सेवाश्रम संघ जैसे स्थल इस क्षेत्र को एक व्यापक आध्यात्मिक परिसर का स्वरूप प्रदान करते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,44,800, रवा- 1,44,400 चांदी- टंच- 2,73,000 पाट- 2,72,800।

## उज्जैन किराना


अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज-कॉलम




## आनंद उत्सव अंतर्गत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन संपन्न हुआ

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश शासन, आनंद विभाग, मंत्रालय के पत्र दिनांक 12.12.2025 के परिप्रेक्ष्य में नगरपालिका महिदपुर द्वारा 14 से 28 जनवरी 2026 के मध्य ज्आनंद उत्सव -2026 मनाया जा रहा है, इसी अनुक्रम में 15 जनवरी को रामलीला मैदान, महिदपुर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी महिदपुर अजय हिंगे, नगरपालिका अध्यक्ष नानीबाई माली की उपस्थिती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों एवं नागरिकों की उपस्थिती में पतंगबाजी, गिल्ली डण्डा, रस्साकशी एवं चेयर रेस जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन कर आनंद लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों को तिल्ली गुड़ के लड्डू वितरीत किये गये।

## आंचलिक पत्रकार संघ की उज्जैन संभाग कार्यकारिणी विस्तारित

**महिदपुर रोड।** प्रदेश के लोकप्रिय गतिशील और अंचलों तक विस्तारित आंचलिक पत्रकार संघ द्वारा अंचल के पत्रकारों को एकजुट करने का संकल्प अभियान जारी है ताकि शासन प्रशासन से पत्रकारों के अधिकार सुविधा आदि पर दमदारी से बात की जा सकेद्य प्रांत अध्यक्ष रमेश चंद्र टॉक ने संभागीय अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता रामचंद्र गिरी तथा प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गौड़ की अनुशंसा पर वरिष्ठ पत्रकार दिनेश मंडोवरा (महिदपुर रोड) को संभागीय उपाध्यक्ष तथा गोपाल उपाध्याय (महिदपुर रोड) को संभागीय मीडिया प्रमुख नियुक्त किया है। इसके अलावा राघवेंद्र भदोरिया उज्जैन, शैलेश नागर उज्जैन को संभागीय कार्यकारिणी में स्थान दि या गया है द्य उज्जैन के वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश पाल तथा सोहनसिंह ठाकुर को उज्जैन जिला सचिव तथा राजेंद्र रघुवंशी को जिला संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष श्री टांक ने आंचलिक पत्रकार संघ उज्जैन संभाग कार्य कारिणी तथा जिला कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले पत्रकार साथियों को बधाई देते हुए कहा है कि संगठन हित में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे द्यप्रदेश प्रवक्ता एवं उज्जैन संभाग अध्यक्ष रामचंद्र गिरी ने बता या कि उज्जैन संभाग के हर आंचल से वरिष्ठ पत्रकारों को आंचलिक पत्र कार संघ में महत्वपूर्ण जवाबदारी दी जा रही है तथा संगठन लगातार पत्र कार हितों में कार्य कर रहा है।

## श्री गोपाल मन्दिर में मकर संक्रांति पर पतंगो की सजावट की गई




**महिदपुर।** भगवान सूर्यनारायण के दक्षिणायन से उत्तरायण मकर संक्रांति महोत्सव पारम्परिक रुप से मनाया गया। भगवान गोपालकृष्ण जी का पुजारी अजय प्रकाश जोशी गिरधारीलाल दुआ अभिजित परिहार ने नयनाभीराम अंगवस्त्रो से श्रंगार किया गया। भगवान को गुड तिल से बने व्यंजनो का भोग लगाया गया। मन्दिर परिसर हाथ से बनी पतंगो से सजाया गया। सायंकाल ढ़ोल नगाड़े के साथ आरती कर प्रसाद वितरण की गई। दिनभर दर्शन हेतु श्रद्धालुजन आते रहे। मन्दिर परिसर को आयुष परिहार , स्वस्तिक चौधरी , अनुजय परिहार , श्रीपाल राठी , आदित्य राठी आकाश राठी मनश्री राठी ने हाथ से बनी पंतगो से सुन्दरतम मनोहारी सजावट की जो की आगंतुक श्रद्धालुजन में आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रही। उपरोक्त जानकारी स्वस्तिक चौधरी ने दी।

## मकर संक्रांति पर नागदा में व्यापारियों ने तिल-गुड़ का वितरण किया

**नागदा।** मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में किराना व्यापारी संघ द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में तिल, गुड, पोहा एवं चाय वितरित की। इस अवसर पर संघ के मुख्य संरक्षक मनोज राठी, अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, गोविंदलाल मोहता, जगदीश मेहता, सुरेंद्र कांकरिया, अशोक बिसानी, किरण पोरवाल, टीटी पोरवाल, प्रशांत राठी, हेमंत मेहता सहित व्यापारीगण मौजूद रहे।

## भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

**नागदा।** नागदा में शिवदुर्गा विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु पंडित कथावाचक ब्रजमोहन दोपहर 12 से शाम चार बजे तक कथाश्रवण का लाभ उठा रहे है। कार्यक्रम संयोजक रघुनाथसिंह बब्बू के अनुसार लगातार 22वें वर्ष में कथा का आयोजन एक ही स्थान पर किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ उठा रहे है।

## उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे: मुआवजा निर्धारण पर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**नागदा।** नागदा में उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल हाईवे परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की जा रही कृषि भूमि के मुआवजा निर्धारण को लेकर नागदा-उन्हेल तहसील क्षेत्र के किसानों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। तहसील नागदा-उन्हेल के अंतर्गत आने वाले लगभग 20 ग्रामों के सैकड़ों प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रंजना पाटीदार को सौंपा।

# पूज्य साध्वी श्री चरित्र कला श्री जी म, साहब की निश्रा में बरडिया परिवार द्वारा निकाली मेरू तेरस यात्रा

## पूज्य साध्वी जी का नगर में हुआ मंगल पदार्पण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड



पुण्यसम्राट श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर जी म.सा. के पट्टधर गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. एवम आचार्य देवेश श्रीमद् जयरत्न सूरीश्वर जी म.सा. के आशीर्वाद से एवं पट्टधर द्वय की आज्ञानुवर्ती प. पू. साध्वी श्री चारित्र कला श्री जी म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन कारी निश्रा में सुशीला कांतिलाल बरडिया, प्रेमलता प्रकाश चंद्र बरडिया, हंसा विजयकुमार बरडिया के मेरु तेरस तप की पूर्णता पर बरडिया परिवार द्वारा शुक्रवार को तपस्वी की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें तपस्वी घी से बने मेरू को अपने मस्तक पर धारण करते हुए परमात्मा एवं गुरु देव की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे शोभायात्रा को शोभा यमान मान करने वाले समाज जनों द्वारा तपस्वी एवं परमात्मा के मंगल कारी जय कारे लगाये गये प पू साध्वी श्री चारित्र कला श्री जी म,सा आदि ठाणा का नगर में मंगलकारी पदार्पण हुआ पूज्य साध्वी जी म, साहब की पावन कारी निश्रा में मेरू तेरस व्रत के तपस्वी की शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर पहुंची वहां पर परमात्मा को घी का मेरू अर्पित किया गया एवं परमात्मा का अनुपम दर्शन एवं चैत्य वंदन किया गया पश्चात श्री राजेंद्र सूरि ज्ञान मंदिर में पूज्य साध्वी जी महाराज साहब ने उपस्थित समाज जनों को जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि मेरू त्रयोदशी के दिन व्रत करने से मोक्ष प्राप्ति की संभावना प्रबल होती है यह पौष मास के कृष्ण पक्ष की त्रयो दशी को मनाई जाती है पांच मेरु का संकल्प को पूर्ण किया जाता है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने इसी दिन मोक्ष की प्राप्ति की थी पूज्य साध्वी जी के इंदौर चातुर्मास में जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया द्वारा महिदपुर रोड पधारने की विनंती की गई विनती को साध्वी जी ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की ।

## बाग क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर विवाद की स्थिति बनी

**देवास।** देवास के कालानी बाग क्षेत्र में गुरुवार को आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। नगर निगम की टीम के मौके पर पहुंचते ही एनिमल लवर महिला और स्थानीय रहवासियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। यह विवाद क्षेत्रीय रहवासियों की शिकायत के बाद शुरू हुआ था। रहवासियों ने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों को लेकर नगर निगम से कार्रवाई की मांग की थी। रहवासियों ने बताया कि 5 जनवरी को क्षेत्र में एक बुजुर्ग को आवारा कुत्ते ने काट लिया था। हाल के दिनों में महिलाओं और बच्चों पर भी कुत्तों के झपटने की कई घटनाएं सामने आई हैं। बच्चों की ट्यूशन और महिलाओं की आवाजाही के कारण क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है, जिसके चलते रहवासियों ने सभी आवारा कुत्तों को हटाने की मांग की थी। मौके पर मौजूद एनिमल लवर महिला ने निगम की कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना था कि आवारा कुत्ते बिना कारण किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते; वे तभी आक्रामक होते हैं जब उन्हें छेड़ा जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक कारणों से कुत्तों को पकड़वाना चाहते हैं। मामला बढ़ने पर नगर निगम ने डॉग लवर महिला को शासकीय कार्य में बाधा डालने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद, निगम की टीम ने अपनी कार्रवाई जारी रखी और आवारा कुत्तों को पकड़ लिया। घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी रही।

## नगर परिषद अमले द्वारा पानी का सैंपल लेकर की गई टेस्टिंग

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा के मार्गदर्शन में नगर परिषद अमले द्वारा वार्ड क्रमांक ९ का पानी का सैंपल लेकर पानी की जांच की गई। साथ ही आवाज स्थित टंकी नंबर दो की सफाई, स्ट्रॅार टेक बाबुल पुताई एवं आसपास के लीकेज ठीक किए गए। इस दौरान कार्यालय उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, जल शाखा प्रभारी सुनिल नागर, बापू चौरसिया उपस्थित रहे।

## नरसिंहगढ़ नगर पालिका की मानवीय पहल, पशु भस्मक मशीन लगाने का प्रस्ताव भेजा

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर के निर्देशन में नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ द्वारा गोवंश सहित अन्य पशुओं के अंतिम संस्कार और नगर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मृत पशुओं के वैज्ञानिक और सुरक्षित दाह संस्कार के लिए नगर पालिका ने आधुनिक पशु भस्मक मशीन स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। साथ ही मशीन स्थापित होने के बाद मृत गोवंश या अन्य पशुओं का विधिवत और मर्यादित दाह संस्कार संभव हो सकेगा, जिससे न केवल स्वच्छता बनी रहेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और रोगों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। शासन से स्वीकृति मिलते ही मशीन स्थापना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# पुलिस ने हत्या की आशंका पर देवर-भाभी को हिरासत में लिया, खातेगांव में नाबालिग का जला मिला था शव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खातेगांव

खातेगांव नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास सोमवार को एक निमार्णाधीन कॉलोनी के पास से 15 साल की लड़की का जला हुआ शव संदिग्ध अवस्था में मिला। किशोरी खरगोन जिले के कसरावद की रहने वाली थी और मजदूरी करने आए अपने परिवार के साथ खातेगांव आई थी। शव मिलने के बाद से ही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। इस मामले में गुरुवार को पुलिस ने एक महिला और एक युवक को हिरासत में लिया है। आज शुक्रवार 3 बजे पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में खुलासा करेगी।

निशा का परिवार मजदूरी के सिलसिले में अस्थायी रूप से निमार्णाधीन कॉलोनी के पास रह रहा था। इस क्षेत्र में लगभग 20 से 25 मजदूर परिवार निवास करते हैं। निशा अपनी मां, मामा, मामी और दो छोटे भाई-बहनों के साथ रहती थी। हिरासत में लिए गए महिला-युवक भी इन्हीं मजदूर परिवारों में से ही हैं।

निशा का शव कॉलोनी के पास खुली जगह पर मिला था। शव का चेहरा, पेट, पीठ और हाथों का ऊपरी हिस्सा जला हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमॉर्टम किया था। डॉक्टरों के अनुसार, त्वचा जल जाने के कारण शरीर पर बाहरी चोटों के स्पष्ट निशान नहीं दिख रहे थे। शव का विसरा फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) जांच के लिए भेजा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में एक महिला और एक युवक को हिरासत में लिया गया है। युवक मूल रूप से मांडव क्षेत्र का निवासी है, जबकि महिला उसके पारिवारिक संबंध में भाभी बताई गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि देवर-भाभी के बीच अवैध संबंध थे। निशा को इसकी जानकारी हो गई थी, जिसके बाद कथित तौर पर दोनों ने मिलकर झोपड़ी में पहले निशा का गला दबाकर हत्या की।

सबूत मिटाने के उद्देश्य से बाद में शव पर डीजल डालकर आग लगा दी गई। हालांकि, पुलिस की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच अंतिम चरण में है और आज इस पूरे मामले का औपचारिक खुलासा किया जा सकता है।

## कर्मचारी संगठनों ने पुरानी पेंशन बहाली और ई-अटेंडेंस पर रोक की मांग को लेकर ज्ञापन दिया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के नेतृत्व में गुरुवार को देवास में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम ११ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर विशाखा देशमुख को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत और पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष और नाराजगी बढ़ रही है।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने, ई-अटेंडेंस प्रणाली पर तत्काल रोक लगाने, केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत प्रदान करने तथा कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का पूर्ण लाभ देने की मांग की गई है। इसके साथ ही नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से 100 प्रतिशत वेतन और एरियर्स का भुगतान करने की मांग भी शामिल है।

अन्य मांगों में शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान देने, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान वेतनमान प्रदान करने, दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने तथा सभी संवर्गों में पदोन्नति और अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग रखी गई है।

इसके अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करने, सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी कर सभी देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने तथा वर्ष 1997 से नियुक्त गुरुजी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देते हुए सभी सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रस्तुत सभी मांगें कर्मचारी हितैषी और न्यायसंगत हैं। इन पर सकारात्मक निर्णय लेने से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और शासन की कार्यक्षमता एवं कार्य संस्कृति को मजबूती मिलेगी।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति स्वामी पायल वर्मा पिता श्री विनोद कुमार वर्मा आयु 28 वर्ष, निवासी एल.आई.जी.64, महाशक्ति नगर, उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य का एक भवन जो की सर्वे नम्बर 296 रकबा 0.6790 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 300 में से रकबा 0.1350 हैक्टर सर्वे नम्बर 301/1 में से रकबा 0.1305 हैक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.9400 हैक्टर जिस सुविधा की दृष्टि से भूखण्ड 33.34 व 35 दिया गया है स्थिति पार्तती धाम (शिवधाम के पास) ग्राम नीमनवासा वार्ड क्रमांक 41 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है, उक्त सम्पत्ति का कुल क्षेत्रफल में 144.51 वर्गमीटर अर्थात 1555 वर्गफीट है। जिस पूर्व स्वामी श्रीमती गीता यादव पति अशोक यादव निवासी ई.डब्ल्यु.एस. 147, सांदीपनी नगर ढाचा भवन, उज्जैन (म.प्र.), से विक्रय पत्र नम्बर एमपी 432022024ए1525715 दिनांक 30.04.2024 के माध्यम से क्रय किया था। उक्त सम्पत्ति को मय तल जमीन तथा निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना धनराशि अदा कर दी है। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार अनुबंध गिरवी आदि का भाग अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो तो वे सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा बाद मियाद उक्त भूखण्ड की कीमत की बकाया राशि का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा अदाकर उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवर लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शुन्य मानी जावेगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 16.01.2026

**श्रीमती कल्पना डोसी**
**(स्टाम्प वेण्डर एवं सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय नम्बर 38, लक्ष्मी नगर, चौराहा उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नम्बर 94799-32006**

## Presiding Officer: नितिन सोनी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) (BCS A/0000042/2019)

भंवरलाल -वादी

**विरुद्ध**

शंकर -प्रतिवादी

Process Id-/2026

**पेशी दिनांकः- 28.01.2026**

(1) चंद्रकला बाई पुत्री शंकरलाल वारसान मृतक नाथु लाल जी पता-निवासी देवास 2. समताबाई पुत्री नाथुलालजी पता-निवासी जिला आगर मध्यप्रदेश।

यह कि प्रार्थी भंवरलाल ने आपके विरुद्ध सिविल प्रकरण वाद वास्ते स्वत्व घोषण व वादी के स्वत्व के मुकाबले शून्य घोषित किये जाने बाबद। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लोडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 15 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**नितिन सोनी**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के**
**अतिरिक्त न्यायाधीश, नलखेडा**
**जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**

## जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती सीमा कोठारी पति मनीष कोठारी व श्रीमती श्रीलता सूर्या पति अखिल सूर्या जी के अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 261/1 रकबा 0.2700 हेक्टर कुल 14531 Sqft भूमि ग्राम नीमनवासा तहसील कोठीमहल जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि मुख्य मार्ग से अन्दर स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की होकर कृषि उपयोग की है एवं उक्त अनुबंधित भूमि उज्जैन विकास प्राधिकरण की टीडीएस योजना-5 में अधिगृहित होकर प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड क्रमांक 05/42 आवंटित किया गया था में से 25 प्रतिशत का हिस्सा याने 3633 कृषि भूमि बेचना श्रीमती सीमा कोठारी पति मनीष कोठारी व श्रीमती श्रीलता सूर्या पति अखिल सूर्या जी और मेरे पक्षकार के मध्य यह सौदा तय हुआ है। जिसकी चतुसीर्मा पूर्व में सर्वे क्र. 260/1, पश्चिम में सर्वे क्र. 264, उत्तर में सर्वे क्र. 262/2 व 485/2/1, दक्षिण में सर्वे क्र. 261/2 स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधी उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक 16.01.2026

**हितेंद्र सिंह चौहान, (एडवोकेट)**
**एम.आई.जी. एफ / 31, ऋषि नगर, उज्जैन, म.प्र.**
**मोबाइल न. 98260-77284**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान म्यु क्रमांक एफ-33 श्रेणी एमआई.जी ऋषिनगर योजना उज्जैन जी तीन मंजिला जी+2 पक्का आर.सी.सी. का निर्मित होकर उसका कुल क्षेत्रफल 155.84 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व दिशा में भवन क्रमांक एफ-31. पश्चिम दिशा मे भवन क्रमांक एफ-35, उत्तर दिशा मे भवन क्रमांक एफ-18, दक्षिण दिशा में सड़क कॉलोनी की है को प्रदीप हरेल पिता श्री सुरेश जी हरेल, निवासी 28/3 कैशवनगर उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त मकान का शेष विक्रय मूल्य अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जायेंगी। इति दिनांक 16.01.2026
स्थान- उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन फोन नम्बर 94250-92749**

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीः राहुल पाटीदार पिता श्री दिनेश पाटीदार निवासी ग्राम छायन तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्त्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-219/3/1 रकबा 0.55 हैक्टर में से रकबा 0.40 हैक्टर भूमि ग्राम छायन तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि सिंचित है। मेरे पक्षकार दीपक यादव पिता श्री रमेश यादव निवासी महेश विहार उज्जैन मोबाइल न.-74150-66089, ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रम करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है. अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार बोडा, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।
यह दिनांक 17.1.2026 का है।

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**वर्क्स- सी-2, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स**
**उज्जैन, मोबाः 89891-45770**

# अफसरों के लिए मिनरल वॉटर, लाडली बहनों को नसीब हुआ बदबूदार पानी

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

एक तरफ सरकार लाड़ली बहनों के स्वाभिमान और सम्मान के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ शाजापुर में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिम्मेदारों का बेहद संवेदनहीन चेहरा सामने आया। यहां बहनों के पीने के लिए नगर पालिका से जो पानी मंगवाया गया, वह न केवल मटमैला था बल्कि उसमें से दुर्गंध भी आ रही थी। शर्मनाक बात यह रही कि उसी मंच पर बैठे अफसरों और वीआईपी अतिथियों के लिए ब्रांडेड कंपनी के बोतलबंद पानी का इंतजाम था।



### मीडिया को देखते ही मचा हड़कंप, बदले गए कैंपर

कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं प्यास लगने पर जब पानी के कैंपरों के पास पहुंचीं, तो पानी की रंगत और गंध देखकर उनके होश उड़ गए। महिलाओं ने बताया कि पानी पूरी तरह पीने लायक नहीं था। जब मीडिया कर्मियों ने इस अव्यवस्था को अपने कैमरों में कैद करना शुरू किया, तब कहीं जाकर अफसरों की नींद खुली और आनन-फानन में नगर पालिका को फोन लगाया गया और गंदे कैंपरों को हटाकर नए पानी के कैंपर मंगवाए गए।

### अफसरों का हास्यास्पद तर्क, फिटकरी से गंदा हुआ पानी

इस गंभीर लापरवाही पर जब नगर पालिका के जिम्मेदारों से सवाल किया गया, तो उन्होंने एक अजीबोगरीब दलील दी। उनका कहना था कि नगर पालिका का पानी साफ है, वह तो फिटकरी डालने की वजह से मटमैला दिख रहा था, जो थोड़ी देर में नीचे बैठ जाती। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि अगर पानी शुद्ध था तो उसे आनन-फानन में बदलने की जरूरत क्यों पड़ी, तो वे बगले झांकने लगे और कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए।

## हनुमान की तरह असंभव काम करते हैं पंचायत सचिव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में भारत की आत्मा गांवों में वास करती है। महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा- अगर भारत को आगे बढ़ाना है तो गांव, किसान और गरीब की प्रगति पर ध्यान देना होगा, देश अपने आप आगे बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बेरोजगारों के हाथों में काम देकर उनके सपनों को साकार करने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण अंचलों में छोटे-छोटे कारखाने और उद्योग लगेंगे तो देश स्वत: प्रगति करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब, महिला, युवा और किसान इन चार वर्गों को केंद्र में रखकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में सबसे मजबूत इकाई पंचायत है और उसकी आत्मा पंचायत सचिव हैं। चाहे कितना ही बड़ा अधिकारी क्यों न हो, प्रधानमंत्री या राज्य सरकार का निर्णय—सबका वास्तविक क्रियान्वयन पंचायत स्तर पर ही होता है। उन्होंने कहा, भगवान राम के समय जो असंभव कार्य हनुमान जी करते थे, आज वही काम हमारे पंचायत सचिव करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल गंगा अभियान, हर घर जल योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत सचिवों के माध्यम से ही होता है। कई बार लोग अपने परिवार से अधिक भरोसा पंचायत सचिव पर करते हैं और उन्हें अपने सुख-दुख का सहभागी मानते हैं।

## जबलपुर में रेलवे स्टेशन पर हवाई जहाज की इमरजेंसी लैंडिंग!

**जबलपुर।** जबलपुर में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हवाई जहाज रेलवे स्टेशन पर लैंड कर गया। वीडियो में एक युवक बता रहा है कि पायलट को रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पडी है। जबलपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने घटना का खंडन करते हुए मामला पुलिस को सौंप दिया है। खमरिया पुलिस ने वीडियो पोस्ट करने वाले युवक की तलाश शुरू कर दी है। यह वीडियो लाइक और व्यू पाने के लिए एआई से जनरेट किया गया है। एआई जनरेटेड वीडियो में जबलपुर रेलवे स्टेशन दिखाया गया है। ट्रैक पर इंजन खड़ा हुआ है, उसके बगल से एक बड़ा हवाई जहाज भी खड़ा है। दोनों में टक्कर हो गई। वीडियो में एक युवक बता रहा है कि जबलपुर रेलवे स्टेशन में आज तक कभी ऐसा नहीं देखा गया कि जहाज सीधे पटरियों पर लैंड होगा। सब लोग हैरान हैं, वहीं पायलट ने कहा कि एमरजेंसी थी, इसलिए रेलवे स्टेशन में आकर रुक गया, अब यह आगे नहीं बढ़ सकता। ट्रेन भी नहीं चल सकती। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। 14 सेकेंड का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें युवक बता रहा है कि रेलवे स्टेशन में अदभुत घटना हो गई है। एक यात्री विमान लैंडिंग करते हुए रेलवे ट्रैक पर आकर खड़ा हो गया है। पुलिस मौके पर है और लोगों को दूर रखा जा रहा है। पायलट का कहना था कि तकनीकी खराबी के कारण हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच पाया और रेलवे स्टेशन पर लैंड करना पड़ा।

## गोवर्धन परिक्रमा करेगा फौजी- शिवपुरी के बलैहरा गांव से शुरू की

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के कोलारस तहसील अंतर्गत बलैहरा गांव का भारतीय सेना का जवान संजीव यादव उर्फ बंटी आस्था और संकल्प की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। संजीव ने गोवर्धन गिर्राज जी की परिक्रमा के लिए अपने गांव से 330 किलोमीटर लंबी दौड़ शुरू की है, जिसे वह मात्र 48 घंटे में पूरा करने का लक्ष्य लेकर निकले हैं। संजीव यादव ने यह मन्नत सेना में भर्ती की तैयारी के दौरान मांगी थी। उन्होंने संकल्प लिया था कि यदि उनका चयन भारतीय सेना में हो जाता है, तो वह बलैहरा गांव से दौड़ते हुए गोवर्धन गिर्राज जी की परिक्रमा करेंगे। वर्ष 2020 में उनका चयन भारतीय सेना में हुआ और उन्हें जम्मू के उधमपुर में पोस्टिंग मिली। सैन्य जिम्मेदारियों के चलते संजीव अब तक अपनी मन्नत पूरी नहीं कर सके। इस दौरान वे 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक तनाव के समय नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भी तैनात रहे। लंबे समय तक देश सेवा में लगे रहने के बाद अब उन्होंने अपनी धार्मिक मन्नत पूरी करने का निर्णय लिया है। सेना में संजीव यादव 2020 में भर्ती हुए थे। नौकरी के लिए ही उन्होंने यह मन्नत मांगी थी।

## पिता के जाते ही बच्ची रोई...मां ने गला घोंट दिया



मां, आरोपी

**छिंदवाडा।** छिंदवाड़ा जिले में रिश्तों को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने गुस्से में आकर अपनी ढाई साल की मासूम बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना चांद थाना क्षेत्र के परसगांव की है, जो 10 जनवरी को हुई थी। इसका खुलासा शुक्रवार को हुआ। मृत बच्ची के पिता रामदास चौरिया (40) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी ढाई साल की बेटी की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि बच्ची की मौत गला घोंटने से हुई है। इसके बाद पुलिस का शक बच्ची की मां संगीता चौरिया पर गया। चांद थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक ललित बैरागी ने बताया कि घटना दोपहर 3 बजे से 3~25 बजे के बीच की है। बच्ची पूरी तरह सामान्य थी और खाना खाकर घर पर मौजूद थी। इसी दौरान पिता ट्रैक्टर में हवा भरवाने के लिए बच्ची को साथ ले गए। हवा भरवाने के बाद वह बच्ची को घर छोड़कर अपने काम पर निकल गए।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 680-4 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 239-4 | 579-1 |
| मिलन नाइट | 345-2 | 158 -4 |
| मधुर डे | 234-9 | 347 -1 |
| मधुर नाइट | 457-6 | 367-6 |
| शुभांक | 3 5 | 0 |

# हाईवे पर स्टेपनी टूटने से अनियंत्रित होकर पलटा लोडिंग वाहन



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

नेशनल हाईवे-52 पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर बंजारी के समीप एक बोलेरो लोडिंग वाहन के पिछले पहिए की स्टेपनी अचानक निकल गई, जिससे तेज रफ्तार वाहन सड़क पर ही पलट गया। हालांकि, इस दुर्घटना में चालक की किस्मत अच्छी रही कि उसे खरोंच तक नहीं आई। जानकारी के मुताबिक बंजारी निवासी चालक लखन अपना लोडिंग वाहन लेकर उज्जैन से वापस लौट रहा था। सुबह जब वह एकता होटल के पास पहुंचा, तभी अचानक तकनीकी खराबी आई और स्टेपनी टूट गई। संतुलन बिगड़ते ही वाहन अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत यह रही कि उस वक्त पीछे से कोई अन्य तेज रफ्तार वाहन नहीं आ रहा था, वरना हादसा गंभीर हो सकता था।

### राहगीरों ने की मदद

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर आसपास के होटल संचालक और ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। चालक को सुरक्षित देख लोगों ने राहत महसूस की। वाहन पलटने की वजह से हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा और जाम की स्थिति बनी।

## नेत्र शिविर में 163 लोगों की जांच

**आगर मालवा।** पाटीदार समाज धर्मशाला गौदरावन में आनंदपुर ट्रस्ट एवं सरदार पटेल युवा संगठन के तत्वावधान में 18 नेत्र शिविर 163 लोगों की जांच कर 47 लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। आनंदपुर से डॉक्टर अंकुश पाल, डॉ रणवीर बघेल, डॉ जीतू पाठक, कैंप इंचार्ज लखन शर्मा, कल्पेश शर्मा, रामजी कोठारी, विशाल जादौन एवं गब्बर नामदेव के विशेष मार्गदर्शन में मरीजों की जांच की गई तथा जिन मरीजों में शुगर बढ़ी हुई थी उन्हें अगले कैंप में आने की सलाह दी गई। उल्लेखनीय है कि कैंप में 2880 मरीजों की जांच की जाकर 671 मरीज के मोतियाबिंद के ऑपरेशन आज दिनांक तक संपन्न हुए हैं। मरीज को बस द्वारा आनंदपुर रवाना किया गया तथा ऑपरेशन के उपरांत पुन:

## शिवपुरी में आसमान से वस्तु गिरने की अफवाह

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के नरवर थाना क्षेत्र के काली पहाड़ी गांव में बुधवार रात करीब 9 बजे आसमान से किसी चमकीली वस्तु के गिरने की बात सामने आई। यह खबर तेजी से जिला मुख्यालय शिवपुरी से लेकर ग्वालियर तक पहुंची। हालांकि, मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम और पुलिस की जांच में यह पूरा मामला महज अफवाह निकला। ग्रामीणों ने बताया कि आकाश से रोशनी के साथ कोई वस्तु गिरी और उसमें से तेज धुआं निकल रहा था। कुछ लोगों ने इसे हवाई जहाज गिरने की घटना तक बता दिया। उसी समय आसमान में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के गुजरने से इस अफवाह को और बल मिला, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नरवर थाना प्रभारी विनय यादव पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। गहन तलाशी के दौरान उन्हें एक हवाई जहाज की आकृति जैसा बैलून मिला, जिसमें स्थ्वष्ठ लाइटें लगी हुई थीं। बैलून के उड़ने से लोगों को चमकीली वस्तु गिरने का भ्रम हुआ। और अफवाह फैल गई।

# जलोदा जोड़ के पास चलती स्कूटी बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे दंपत्ति

**शाजापुर।** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलोदा जोड़ के पास एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक चलती स्कूटी में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि धुआं निकलते ही स्कूटी सवार पति-पत्नी समय रहते वाहन से नीचे उतर गए, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि, देखते ही देखते स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम रिजावदा निवासी विजय पिता हिंदू सिंह अपनी पत्नी नेहा के साथ शुक्रवार दोपहर को स्कूटी से इंदौर जा रहे थे। रास्ते में जलोदा जोड़ से कुछ दूरी पहले ही उन्होंने स्कूटी में पेट्रोल भरवाया था। जैसे ही वे जलोदा जोड़ के समीप पहुंचे, स्कूटी से अचानक धुआं निकलने लगा। जब तक विजय कुछ समझ पाते, वाहन ने आग पकड़ ली। दंपती ने तुरंत स्कूटी सड़क किनारे



रोकी और सुरक्षित दूर हट गए। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि पुलिस टीम के पहुंचने तक स्कूटी लोहे के कंकाल में तब्दील हो चुकी थी।

# स्टार्टअप दिवस पर युवाओं को दिए स्वरोजगार के गुर






दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअ दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय कन्या महाविद्यालय के टीपीओ डॉ. कपिल जाटव ने स्टार्टअप की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार स्टार्टअप को हर स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है।

विद्यार्थियों को केवल नौकरी पाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला उद्यमी बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। मुख्य अतिथि बलवंत सितोलिया जिला प्रबंधक, ग्रामीण आजीविका मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वरोजगार कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से युवा अपने छोटे व्यवसायों को बड़े स्टार्टअप में बदल सकते हैं। वहीं विशेष अतिथि बबीता बोस ने भी अपने विचार साझा किए।

### उद्यमिता समय की आवश्यकता

वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील आडवानी ने उद्यमिता के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.सी. चौहान ने स्टार्टअप के उद्देश्यों और इसके तहत मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. दौलतराम राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश निंगवाल, डॉ. बी.के. सोलंकी, डॉ. निलेश महाजन, प्रो. प्रकाश बर्फा, प्रो. अभिषेक पाटीदार, प्रो. प्रतिका परमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अन्तरराज्यीय एमडी ड्रग्स गिरोह इंदौर में धराया, पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की

**इंदौर।** नशे के खिलाफ इंदौर के कनाडिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय था। एमडी ड्रग्स की अवैध तस्करी और सप्लाय कर रहा था। इस गिरोह में भोपाल का एक स्कूल प्राचार्य, मुख्य आरोपी सहित दो युवतियाँ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15.95 ग्राम एमडी ड्रग्स, दो लग्जरी कारें और लगभग 32 लाख रुपये की अवैध सामग्री बरामद की है। थाना कनाड़िया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सबसे पहले भोपाल निवासी अबान शकील, जो एक स्कूल के प्रिंसिपल बताए जा रहे हैं, को एमडी ड्रग्स सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में शकील ने मुख्य तस्कर वैभव उर्फ बाबा शर्मा का नाम उजागर किया। इसके बाद पुलिस ने बायपास के पास एक संदिग्ध बिना नंबर की फोर्ड इको स्पोर्ट कार रोकी, जिससे वैभव शर्मा और उसकी दो सहयोगी युवतियाँ अलीशा मसीह उर्फ जैनी और नेहा उर्फ रिशु झा गिरफ्तार की गईं। पुलिस जांच में सामने आया कि वैभव शर्मा मुंबई और गोवा के कई क्लब और बार में युवतियों की मदद से एमडी ड्रग्स सप्लाई करता था। तीनों इवेंट्स कंपनी के नाम पर पार्टियाँ आयोजित कर वहाँ उच्च वर्ग के युवाओं को नशे की पुड़ियाँ बेचते थे। गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया और इवेंट प्रमोशन के जरिए संपर्क बनाकर ग्राहकों तक ड्रग पहुँचाने का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस इनसे पूछताछ कर ड्रग के नेटवर्क की जानकारी निकालने में जुटी हुई है।

## कांग्रेस का आरोप- भारत ने चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ा, विदेश मंत्रालय का इनकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प के दबाव पर ईरान के चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ दिया है। पार्टी ने एक्स पर लिखा- मोदी सरकार ने चाबहार प्रोजेक्ट में देश की जनता के 120 मिलियन डॉलर (करीब 1100 करोड़ रुपए) लगाए थे। अब ये बर्बाद हो चुके हैं। कांग्रेस के इस आरोप को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि ईरान के चाबहार पोर्ट से जुड़ी योजनाएं जारी हैं। इन्हें आगे बढ़ाने के लिए भारत, अमेरिका से बातचीत कर रहा है। अमेरिका ने भारत को ईरान पर लगे प्रतिबंधों के बावजूद चाबहार पोर्ट से जुड़े काम जारी रखने के लिए एक खास सैंक्शन छूट दी है, जिसकी अवधि 26 अप्रैल 2026 को खत्म हो रही है।

## दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ी अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर इडी का एक्शन, चार्जशीट भी दाखिल

**फरीदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शुक्रवार को दिल्ली ब्लास्ट केस से जुड़ी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की करीब 140 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं। साथ ही अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी और उसके ट्रस्ट के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है। अटैच की गई संपत्तियों में फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में 54 एकड़ जमीन, यूनिवर्सिटी की इमारत, स्कूलों और विभागों की इमारतें और हॉस्टल शामिल हैं। श्वष्ठ ने इन्हें अपराध की आय की श्रेणी में रखा है। ये कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ा था। यूनिवर्सिटी के डॉक्टर उमर उन नबी ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास चलती हुई कार में धमाका किया था, इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की जांच में भी यूनिवर्सिटी का नाम आया था। इस मामले में और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन सईद समेत 10 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है।

## पूर्व-राजपरिवार के सदस्य बोले-राज्यसभा मेंबर रहा, ज्यादा पसंद नहीं आया

**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF) में जोधपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य गज सिंह ने अपनी यादें और सबके पसंदीदा बापजी बनने का सफर शेयर करते हुए कहा कि राजा की कोई जाति नहीं होती। आजादी के बाद शाही परिवारों और चुनावी राजनीति के बीच संबंधों पर बातचीत करते हुआ कहा- मैं 1990 से 1992 तक संसद के ऊपरी सदन का सदस्य भी रहा। मेरे पिता पहले शाही सदस्य थे, जिन्होंने 1952 में चुनाव लड़ा और चुनावी राजनीति में शाही परिवारों के प्रवेश का विचार शुरू किया। उन्होंने सभी को इकट्ठा किया और कई सीटें हासिल की थी। मेरे परिवार के सभी सदस्य किसी न किसी तरह राजनीति में शामिल हैं। हालांकि, मैंने खुद, राज्यसभा सांसद होने के बावजूद, इसे ज्यादा पसंद नहीं किया। मैंने इंदिरा गांधी को भी देखा, लेकिन मुझे लगा कि मेरे लिए अपना काम खुद करना और लोगों की सेवा करना बेहतर होगा

## प्रियंका किरार ने खिमलासा घटना पर विधायक का इस्तीफा मांगा

**बीना।** बीना में शुक्रवार को अंबेडकर तिराहा पर जिला महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया। इस दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस उत्पीड़न प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका किरार ने खिमलासा में हुई घटना को लेकर स्थानीय विधायक से इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं, इसलिए भाजपा सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। प्रियंका किरार ने खिमलासा थाना क्षेत्र में 3 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं। किरार ने मांग की कि अपराधी को बख्शा न जाए और पीड़ित बच्ची को न्याय मिलना चाहिए। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में अभिनंदन की बात करते हैं, जबकि महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी भूखण्ड स्वामी डॉ आशिष मेहता पिता स्व. श्री रमेशचन्द्र जी, निवासी 37, छोटा सराफा, उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 366 एम. आई.जी. महाशक्ति नगर, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 180.00 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड आवासीय क्षेत्र में आवासीय उपयोग का होकर फ्रीहोल्ड राईट्स का है। जिसकी पैमाईश व चर्तु:सीमा निम्नानुसार है पैमाईश लम्बाई 18.00 मीटर, चौड़ाई 10.00 मीटर, कुल क्षेत्रफल 180.00 वर्गमीटर है। चर्तु:सीमा- पूर्व दिशा में -पिछला भाग, पश्चिम दिशा में 9.00 मीटर चौड़ी रोड़, उत्तर दिशा में 365 एच.आई.जी., दक्षिण दिशा में रिक्त भूखण्ड है, उक्त भूखण्ड को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-16/01/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 94248 78460**

## न्यूज-कॉलम

### पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज में स्टार्टअप सेमिनार संपन्न

**मन्दसौर।** नेशनल स्टार्टअप डे पर पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (राजीव गांधी पीजी कॉलेज) में प्रबंध विभाग एवं एन. एस. एस. द्वारा च्शून्य से शिखर तकज् विषय पर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. टी. के. झाला ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। मुख्य वक्ता डॉ. रजत जैन ने कहा कि स्टार्टअप में व्यक्ति शून्य से शुरू कर बड़ी सफलता पा सकता है, यदि वह स्पष्ट लक्ष्य और समय प्रबंधन अपनाए। उन्होंने सरकारी योजनाओं और फंडिंग अवसरों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल आर्य ने किया और स्वागत डॉ. आरती पडियार ने दिया। इस दौरान 92 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। संचालन में सुश्री शालू नलवाया और आभार प्रदर्शन में सुश्री साक्षी विजयवर्गीय ने किया।

### दुर्घटना में युवक की मौत पर बाइक चालक पर प्रकरण दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के गरोठ मेलखेड़ा के मध्य विनायक वेयर हाउस के सामने मोटरसाइकिल नं. आरजे 09 आरएस 8749 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर शंकरलाल (22) पिता मोहनलाल बारोठ निवासी असावती की मोटर साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी जिससे घायल शंकरलाल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। 21 दिसम्बर को घटित इस दुर्घटना में शामगढ़ पुलिस द्वारा कायम मर्ग की जांच में पुलिस ने मोटर साइकिल नं. आरजे 09 आरएस 8749 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने सीखे यातायात के नियम

**मन्दसौर।** 5 एमपी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैंप कमांडेंट कर्नल ज्योति प्रकाश के मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता सत्र आयोजित हुआ। यातायात सूबेदार शैलेंद्र सिंह चौहान ने 450 कैडेट्स को हेलमेट, सीट बेल्ट और सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यातायात अनुशासन केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। नीमच, मंदसौर, रतलाम और इंदौर संभाग के कैडेट्स ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

### रितु शर्मा का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर की पूर्व



छात्रा रितु शर्मा (गोल्ड मेडलिस्ट) का एमपीपीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। रितु ने ऑल इंडिया नेट परीक्षा में 162वीं रैंक प्राप्त की। रितु सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा की सुपुत्री है। रितु की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा, उप प्राचार्य लक्ष्मी राठौड़ सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया।

### हेमा कंडारे कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मन्दसौर।** संगठन की मजबूती हेतु श्रीमती हेमा कंडारे को वाल्मीकि सेना का मंदसौर जिला कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. संतोष कल्याणे और संभाग अध्यक्ष वीरेंद्र गोसर की अनुशंसा पर की गई है।

### मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**नीमच ।** मकर संक्रांति का पर्व 4 जिले में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार 14 जनवरी दोपहर से सूर्य का उत्तरायण में जाना प्रारंभ हुआ जो 15 जनवरी दोपहर तक रहा जिससे संक्रांति पर्व दो दिवसीय हो गया शहर के लोगों ने एक दूसरे को गुड़ तिल खिलाकर बधाइयां दी वहीं मंदिरों में दर्शन कर गौ माता को हरा चारा खिलाया किसी ने गौ माता को गुड दलियें का सेवन करवायाद्य कई जगह लोगों ने लंगर लगाकर दरिद्र नारायण को भोजन करवायाद्य वही सुबह से ही बच्चों और युवाओं ने मिलकर पतंगबाजी का आनंद लिया। नगर के हर मोहल्लों, खुले मैदानों व घरों की छतों पर बच्चे पतंग उड़ाते नजर आए। कुछ युवाओं ने पतंग बाजी के साथ संगीत की लहरिया भी बिखरी इसी दौरान कोई पतंग कट जाने पर काटा रे... ..की आवाज भी गूंजती सुनाई दी।आसमान में चारों ओर रंग-बिरंगी पतंगें छाई रहीं। पतंग कटने पर बच्चों की खुशी भरी चीख-पुकार सुनाई देती रही।

## चिकलाना गांव में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की अवैध फैक्ट्री पर मारा छापा

# पुलिस ने 10 किलो एमडी ड्रग, 3 करोड़ का केमिकल, 12 बोर की बंदूक, 91 कारतूस, दो मोर व चंदन की लकड़ियां जब्त की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम/जावरा





जिले के चिकलाना गांव में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की अवैध फैक्ट्री का खुलासा किया है। कालूखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात करीब ढाई बजे की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से 10 किलो से अधिक तैयार एमडी ड्रग, करीब 3 करोड़ रुपए मूल्य का केमिकल, 12 बोर की बंदूक, 91 कारतूस, दो मोर और चंदन की लकडियां बरामद की हैं।

पुलिस ने छापे के दौरान 16 लोगों को हिरासत में लिया। करीब 12 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद शुक्रवार दोपहर 3 बजे घर के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया। महिलाओं को भी गिरफ्तार कर सीधे कालूखेड़ा थाने ले जाया गया। इस दौरान गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। ग्रामीण आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग करते रहे। जब आरोपियों को पुलिस वाहन में बैठाया जा रहा था, तब ग्रामीणों ने जय जय श्री राम के नारे भी लगाए।

**फैक्ट्री मालिक चुनाव लड़ चुका है**

पुलिस के अनुसार, जिस मकान में फैक्ट्री चल रही थी, वह दिलावर खान पठान का है। दिलावर चिकलाना गांव का निवासी है और आजाद समाज पार्टी से जुड़ा रहा है। वह यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर का करीबी बताया जा रहा है। दिलावर 2023 में जावरा विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुका है और पार्टी का प्रदेश पदाधिकारी भी रहा है।

नशे की फैक्ट्री की सूचना मिलने के बाद एसपी अमित कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। रतलाम से एएसपी राकेश खाखा, ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार लाल और जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय पुलिस बल के साथ चिकलाना पहुंचे और एक मकान पर दबिश दी। कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि टीम में शामिल अधिकारियों के अलावा किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी, जिस परिसर में फैक्ट्री चल रही थी, वहीं दिलावर का परिवार भी रहता है। कार्रवाई के दौरान किसी भी परिजन को बाहर नहीं आने दिया गया। मीडिया को भी अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

### हथियार और रॉ मटेरियल भी बरामद

पुलिस को मौके से भारी मात्रा में रॉ मटेरियल मिला है, जिससे एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी। साथ ही 12 बोर की बंदूकें और बड़ी संख्या में कारतूस भी जब्त किए गए हैं। एसपी अमित कुमार भोपाल में रहते हुए लगातार कार्रवाई की मॉनिटरिंग करते रहे। पुलिस की विशेष टीमें पिछले तीन दिनों से इलाके की रेकी कर रही थीं।

### एमपी में पहली बार राज्य पुलिस ने पकड़ी एमडी फैक्ट्री

बताया जा रहा है कि यह मध्यप्रदेश का पहला मामला है, जिसमें राज्य पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। इससे पहले इस तरह की कार्रवाई एनसीबी या अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जाती रही हैं। पुलिस अब पूरे नेटवर्क और नशे की सप्लाई चेन की जांच में जुटी है।

# सांदीपनि स्कूल में मिड डे मिल खाने से 14 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के रावटी स्थित सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) में गुरुवार को मिड डे मिल (मध्यान्ह भोजन) खाने से 14 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गई। दाल-खिचड़ी खाने के बाद बच्चों को सिर और पेट में दर्द होने लगा। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को रावटी के मेडिकल क्लिनिक पर ले जाकर इलाज कराया और दवा दिलवाई। घटना की जानकारी मिलने पर रात में जिला प्रशासन के अधिकारी स्कूल पहुंचे और जांच की। शुरूआती जांच में खिचड़ी में मिर्च ज्यादा होने की बात सामने आई है। फिलहाल सभी बच्चे स्वस्थ हैं।

गुरुवार को स्कूल में मिड डे मिल में दाल-खिचड़ी दी गई थी। खाने के बाद सबसे पहले छात्रा दुर्गा ने सिर व पेट दर्द की शिकायत की। इसके बाद एक-एक कर 14 बच्चों ने यही समस्या बताई। स्कूल स्टाफ उन्हें तुरंत रावटी के मेडिकल क्लिनिक ले गया, जहां डॉ. बीएल मांगरिया ने जांच कर एंटी-एसिडिटी की दवा दी। आराम मिलने पर शाम 4.30 बजे बच्चों को घर भेज दिया गया। स्कूल के मिडिल सेक्शन में कुल 94 बच्चों ने खाना खाया था, जिनमें से कक्षा 6ठी के 10 और कक्षा 7वीं के 4 विद्यार्थी (जिनमें 2 छात्राएं) बीमार हुए।

स्कूल प्रबंधन ने दिनभर मामले को दबाए रखा। देर शाम कलेक्टर मिशा सिंह और जिला पंचायत सीईओ वैशाली जैन को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ निर्देश शर्मा रात 7.30 बजे रावटी पहुंचे। उन्होंने स्कूल प्रिंसिपल और स्टाफ से जानकारी ली और बनी हुई खिचड़ी को चखकर देखा। रात 10 बजे वे वापस रतलाम लौटे। अधिकारियों ने खिचड़ी का सैंपल भी लिया है। अतिरिक्त सीईओ ने मोबाइल पर बच्चों और उनके परिजनों से बात कर हाल जाना।

जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ ने बताया, मीनू में दाल चावल का प्रावधान है। बच्चों की मांग पर मकर संक्रांति को देखते हुए दाल चावल को मिश्रित कर खिचड़ी बनवाई गई। खिचड़ी के सैंपल को 24 घंटे के लिए सुरक्षित रखा जाता है... मेरे द्वारा स्कूल पहुंचकर खिचड़ी का टेस्ट किया है। खिचड़ी में मिर्ची की मात्रा ज्यादा थी। संभवतः मिर्ची के कारण 14 बच्चों ने पेट व सिर दर्द की शिकायत दर्ज कराई। बाकी किसी को कोई परेशानी नहीं हुई है। परिजनों व विद्यार्थियों से बात की है। सभी की तबीयत ठीक है। मिड डे मिल संचालक को कम मिर्ची के उपयोग के निर्देश दिए है। सांदीपनि स्कूल के प्रिंसिपल अमरसिंह भाभर ने बताया कि शिकायत मिलते ही बच्चों को डॉक्टर को दिखाया गया था, जिससे उन्हें आराम मिला। रावटी क्षेत्र में मिड डे मिल का ठेका प्रकाश ग्वालियरी के पास है। वे क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में करीब 1 हजार बच्चों का खाना बनाते हैं, लेकिन अन्य किसी जगह से तबीयत खराब होने की जानकारी सामने नहीं आई।



### उप मुख्यमंत्री ने 9.38 करोड़ की सड़कों का किया भूमिपूजन

**मन्दसौर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार को मंदसौर जिले के ग्राम आक्या बीका में विकास कार्यों की नई सौगात दी। श्री देवड़ा ने ग्राम आक्या बीका गोशाला परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान कुल 9 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन प्रमुख सड़कों का भूमिपूजन किया। श्री देवड़ा ने 3 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से आक्या बीका से मगराना सड़क, 3 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से खेड़ा से टकरावद सड़क, 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से ढाणी से भेरूजी सड़क का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि वर्तमान समय सड़कों के विकास का स्वर्णिम युग है । उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़कों का विकास केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि परिवहन, कृषि, उद्योग और देश के समग्र विकास की आधारशिला है । श्री देवड़ा ने बताया कि अकेले मल्हारगढ़ क्षेत्र में लगभग 250 सड़कों का निर्माण किया गया है, जो सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। श्री देवड़ा ने कहा कि गांधी सागर का पानी आगामी एक वर्ष के भीतर किसानों के खेतों तक पहुँचा दिया जाएगा । इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित टीबी के मरीजों को फूड बॉस्केट प्रदान किए । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, मदनलाल राठौर आदि उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब की दलौदा में लगायेगा 5 डायलिसिस मशीनें

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर को रोटरी इंटरनेशनल से च्ग्लोबल ग्रांटज् के तहत 50 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। इसके माध्यम से महावीर स्वास्थ्य केंद्र, दलौदा में 5 अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें लगाई जाएंगी। निजी अस्पतालों में 2500-3000 रुपये लगने वाला शुल्क यहाँ नाममात्र रहेगा। क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया कि सचिव कपिल भंडारी ने परियोजना का पूरा प्रस्ताव तैयार करने, स्थानीय दानदाताओं से समन्वय तथा आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया, वही राजेश संचेती ने महावीर स्वास्थ्य केंद्र, दलौदा पर इन मशीनों के लिए आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्कर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।संजय गोठी ने रोटरी के अंतरराष्ट्रीय क्लबों से समन्वय स्थापित करने, नीड असेसमेंट करने एवं रोटरी मंडल अध्यक्ष सुशील मल्होत्रा व रूबी मल्होत्रा के माध्यम से मंडल स्तर पर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। इसमें परियोजना का 40 प्रतिशत अंशदान रोटरी क्लब, मंदसौर का होगा एवं 60 प्रतिशत अंशदान रोटरी ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से प्राप्त होता है। रोटरी क्लब मंदसौर का 40 प्रतिशत अंशदान डॉ. राजीव चौधरी, इंदौर व आनंदीलाल दुग्गड परिवार मंदसौर के माध्यम से क्लब को प्राप्त हुआ है। रोटरी इंटरनेशनल की यह ग्रांट रोग निवारण और सामुदायिक विकास के लिए प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण अंचल के किडनी रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# नारायणगढ़ में लोकसेवा ग्यारंटी केंद्र को लेकर कलेक्टर से मिले कांग्रेस नेतागण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

जिला चिक्तिसालय में व्याप्त अनियमितताओ,मल्हारगढ़ मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मागांधी जी की प्रतिमा लगाने के साथ ही पिपलिया, नारायणगढ़ में लोकसेवा ग्यारंटी केंद्र खोलने,पिपलिया में तहसील टप्पा कार्यालय खोलने नीलगाय की बढ़ती समस्या को हल करने की मांग को लेकर कांग्रेसनेता गणो ने कलेक्टर अदिति गर्ग से चर्चा कर विभिन्न ज्ञापन सौपकर समस्याओ के समाधान की मांग की।

कांग्रेसनेता एवं विधानसभा प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया ने बताया कि इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में कामतेंन सिक्योरिटी सर्विस प्रायवेट लिमिटेड एवं इसकीं एक ओर कम्पनी जिसका नाम स्काई ब्ल्यू है इन दोनों के नाम टेंडर चलते है यह एक ही कम्पनी काम कर रही है।सिक्योरिटी सर्विस,सफाई का टेंडर,कैंटीन का टेंडर, ओपीडी,आईपीडी का टेंडर,चाय नाश्ता का टेंडर यह सभी टेंडर एक ही कम्पनी को दे रखे है और यह करीब 5 वर्षो से संचालित होरहे है साथ ही जो कर्मचारी काम कर रहे है उन्हें तनख्वा भी गर्वमेंट गाइडलाइन के अनुसार नही दी जा रही है इन टेंडरों में ऐसे कर्मचारियों की भी तनख्वा डाली जारही है जो यहां काम नही करते है।

सिसौदिया ने बताया कि ओपीडी ओर आईपीडी का टेंडर जो वर्ष 2025 जनवरी माह में ब्लैक लिस्ट कर दिया था वह टेंडर भी इन्होंने स्काई ब्ल्यू के नाम कर दिया। इसकीं जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होना चाहिए। सिसोदिया ने कलेक्टर से मल्हारगढ़ मुख्यालय पर गांधी जी प्रतिमा शीघ्र लगाने की भी मांग की है ।

# आचार्य श्री विश्वरत्नसागरजी का मंदसौर नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



19 जनवरी को होने वाली महामांगलिक और नवीन जिन मंदिर के भूमि पूजन के निमित्त आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरिश्वरजी म.सा. का शुक्रवार को नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आराधना भवन जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ और नवरत्न परिवार द्वारा भव्य सौमय्या (जुलूस) निकाला गया।

श्रेयांसनाथ मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह विभिन्न मार्गों से होता हुआ आराधना भवन पहुंचा मार्ग में कई स्थानों प आचार्य श्री के आगमन पर विभिन्न जैन परिवारो ने अपने निवास स्थान के बाहर आकर गहुलिया की तथा आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। आराधना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि मंदसौर (दशपुर) नगरी जैन व सनातन धर्म का केन्द्र रही है। इस नगरी से जैन इतिहास जुड़ा है। बहुत ही गौरव की बात है कि 19 जनवरी को मंदसौर में नवीन जिन मंदिर की स्थापना हेतु भूमिपूजन होने जा रहा है। 19 जनवरी, सोमवार को मंदसौर के हर्ष विलास रिसोर्ट में आचार्य श्री नवरत्नसागरजी सूरिश्वरजी म.सा. के मुखारविन्द से महाप्रभावशाली महा मांगलिक होने जा रही है। साथ ही इसी दिन भूमि प्रदाता गनेड़ीवाल परिवार के द्वारा मिड इंडिया परिसर के समीप नवीन जिन मंदिर निर्मित किये जाने हेतु भूमिपूजन होने जा रहा है। इन दोनों कार्यक्रमों के निमित्त आचार्य श्री विश्व रत्नसागर सूरिश्वरजी म.सा. का अन्य साधु संतों सहित कल मंदसौर नगर में आगमन हुआ।

इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, श्रीसंघ अध्यक्ष महेश जैन तहलका, सचिव निलेश बम्बोरिया, कोषाध्यक्ष संजय चोरड़िया, डॉ. सरदारमल धाकड़, समाजसेवी अमित जैन छिंगावत, विजय बम्बोरिया, सज्जनलाल रांका, अनिल धींग, सुनील जैन फ्लायकिंग, विजय रांका, अनिल जैन फ्लायकिंग, धीरज रांका, आशीष रांका, पायल जैन, शशि मारू, रेखा रातड़िया आदि उपस्थित थे।



### शिवना शुद्धिकरण के 80वें दिन स्कूली बच्चों ने किया श्रमदान

**मन्दसौर।** शुक्रवार की प्रातः शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदानियों के साथ स्कूल के बच्चों ने भी श्रमदान कर नदी में जमी गंदगी, प्लास्टिक, कचरा तथा जल में फंसी अशुद्ध सामग्री को बाहर निकाला गया । साथ ही नदी के किनारों पर फैले कचरे को भी साफ किया गया । विधायक विपिन जैन ने कहा कि बच्चों ने अपने छोटे हाथों से बड़ा संदेश दिया कि यदि आने वाली पीढ़ी जागरूक हो जाए, तो किसी भी नदी को फिर से जीवनदान दिया जा सकता है । विधायक श्री जैन ने सभी श्रमदानियों व बच्चों के साथ शपथ ली कि वे न केवल नदियों को स्वच्छ रखेंगे, बल्कि अपने नगर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों को भी साफ-सुथरा बनाए रखेंगे। श्रमदान में विधायक विपिन जैन, हेमराज खाबिया, उर्मिला तोमर, रमेश सोनी, वजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, कैलाश कुमावत, आदित्य पाटिल, सुमित कनेसरिया, सुषमा श्रीवास्तव, गायत्री पालीवाल, मनोहर घारू, सोनाली जैन,रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला,अनीता भदोरिया, सुनीता बंडी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, तरूण खिंची, निर्विकार रातडिया, शैलेन्द्र गोस्वामी, दिलीप देवड़ा, साबिर इलेक्ट्रिशियन, संजय नाहर, मनोहर नाहटा, अजय सोनी, राजेश खिंची सहित आदित्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी श्रमदान में उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर यज्ञ के माध्यम से सुख-शांति की कामना की



**पिपलिया मंडी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी निनोरा आर्य समाज के तत्वाधान मे एवं एवं आर्ययुवक परिषद के प्रयास से चचोर वाले सेवानिवृत शिक्षक श्री शिवनारायण पांडे के सौजन्य से निनोरा में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पं शीवनाराण नागर के आचार्यत्व में सामूहिक यज्ञ करके क्षेत्र हेतु सुख-शांति की कामना करी। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कुंजीलाल पाटीदार ने किया।

### लायंस क्लब श्री शक्ति एवं डॉ.तरुण गुप्ता द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**पिपलिया मंडी।** नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में अग्रणी संस्था लायंस क्लब श्री शक्ति एवं डॉ तरुण गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट पिपलिया मंडी के तत्वाधान में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में कल रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डॉ शुभम चेलावत हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आकांक्षा त्यागी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अजय व्यास जनरल सर्जन एवं गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ अशोक भट्ट हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील देवड़ा जनरल फिजिशियन डॉ वीणा व्यास दंत रोग विशेषज्ञ डॉ चारू गोयल आहार विशेषज्ञ एवं डाइटिशियन डॉ तरुण गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे शिविर में आने वाले रोगियों को संगतानी लैब पिपलिया मंडी द्वारा सभी जांचों पर 60 परसेंट तक की छूट दी जाएगी साथ ही ईसीजी (हृदय की जांच) भी रियायती दरों पर की जाएगी। क्षेत्र वासियों से निवेदन है कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ ले।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स विकास खंड स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन हुआ



**नीमच।** अंचल की छिपी प्रतिभा को मंच देने और युवाओं मे खेल की प्रति रुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। खेलो एमपी यूथ गेम्स आयोजन प्रभारी/संयोजक श्रीमति मिनाक्षी सिसोदिया और दिपक कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खेल और युवा कल्याण विभाग नीमच द्वारा 15-16 जनवरी 2026 को शा.बा. उ.मा.वि. क्र.2 के खेल मैदान पर विकास खंड स्तरीय खेलो का चयन ट्रायल आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और विभिन्न खेल जैसे कबड्डी, जूडो, वॉलीबॉल, हॉकी, एथेलेटिक्स, बास्केटबॉल , फुटबॉल,रस्साकाशी, पिट्ठु, आदि खेलो में खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीयन ऑनलाइन ओर ऑफलाइन करना अनिवार्य किया गया हे यह चयन ट्रायल प्रतियोगिता संबंधित खेल संघों के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें सभी खेल संघ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इस विकास खंड स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे विकास खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 18 जनवरी 2026 को आयोजित होगी।

### संभाग आयुक्त ने मनासा में जी बी एस स्क्रीनिंग कार्य का जायजा लिया

**नीमच।** संभाग आयुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन श्री आशीष सिंह ने नीमच जिले के प्रवास दौरान शुक्रवार को मनासा पहुंचकर वार्ड नंबर 2 में जीबीएस के संदिग्ध रोगी इंदौर में उपचार रत सुश्री निधि भाटी के घर पहुंच कर परिजनों से चर्चा कर उपचार व्यवस्था की जानकारी ली उन्होंने परिजनों से पेयजल की आपूर्ति पेयजल भंडारण पेयजल की गुणवत्ता आदि के बारे में पूछा। संभाग आयुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा घर-घर सर्वे कर संदिग्ध जीबीएस रोगियों की स्क्रीनिंग एवं चिन्नांकन के लिए तैनात की गई टीम द्वारा किए जा रहे स्क्रीनिंग कार्य का जायजा भी लिया। कमिश्नर श्री आशीष सिंह ने सर्वे कर रही टीम के सदस्यों से चर्चा कर सर्वे कार्य की प्रगति की जानकारी ली अब तक मनासा के सभी वार्डों में 2200 से अधिक घरों में जाकर सर्वे टीम द्वारा स्क्रीनिंग कार्य किया गया है स्क्रीनिंग का कार्य 15 टीमों द्वारा किया जा रहा है। संभाग आयुक्त ने बीएमओ को निर्देश दिए की वह प्रतिदिन शाम को सर्वे टीम के सदस्यों से चर्चा कर प्रतिदिन के स्क्रीनिंग कार्य का फीडबैक ले और उनकी नियमित ब्रीफिंग करें।



## वीर शिवाजी सेवा समिति ने किया सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था वीर शिवाजी सेवा समिति ग्राम ढाकनी के शिवाजी पार्क में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष लोकेश नाहर ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है। आज का युवा नशे की लत से कमजोर होता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। छोटे बच्चों पर मोबाइल की आदत ने भी गहरा आघात किया है, जिससे छोटे बच्चे के साथ युवाओं में आंख एवं मानसिक विकृतियां देखने की मिल रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में समिति सदस्यों के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चौपाटी पर मोमोज, पानी पताशे की नहीं हो रही जांच

## प्रशासन को नहीं परवाह, लोगो के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़




**सारंगपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की लापरवाही से सारंगपुर एसडीएम चौराहे पर बनी चौपाटी में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि यह पर खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेलों और दुकानों पर चालानी कार्रवाई करनी चाहिए और घरेलू गैस सिलेंडर जब्त करने चाहिए। चौपाटी पर संचालित खाद्य ठेलों व दुकानों का निरीक्षण जरुरी है विशेष रूप से उन प्रतिष्ठानों की जांच की जानी चाहिए जहाँ खुले में खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे है। क्योंकि इन दुकानो पर नियमों का उल्लंघन हो रहा है। दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार उपयोग कर खाद्य पदार्थ तले जा रहे थे, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। यह पर मोमोज, पानी पताशे, गराडू और फास्ट फूड जैसे उन खाद्य पदार्थों की विशेष जांच की आवश्यकता है जिनका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पडता है। नियमों का पालन न करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। खाद्य सुरक्षा नियम में स्पष्ट है कि कि आमजन के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन हकीकत पर इन नियम पर अमल नहीं कराया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि विभागाधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि जल्द सारंगपुर में इस तरह के खाद्य पदार्थो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल नारायणपुर का गठन, मांगीलाल अध्यक्ष नियुक्त




**सारंगपुर।** नारायणपुर कोलू खेडा गांव में सरदारपुर धाम नेत्र अस्पताल परिसर में लायंस क्लब का संस्थापन समारो आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेमीचंद और डा. राजेंद्र पाटीदार एवं लायंस क्लब तराना के सत्यनारायण पाटीदार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। लायंस क्लब की सेवा गतिविधियों को विस्तार देते हुए क्षेत्र में नए लायंस क्लब इंटरनेशनल नारायणपुर का गठन किया गया है। समारोह में लायंस क्लब की कमान मांगीलाल पाटीदार को सौंपी गई है। उन्हें क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। क्लब के माध्यम से 20 नए सदस्यों को लायंस इंटरनेशनल से जोडा गया है। शपथ अधिकारी सत्यनारायण पाटीदार सभी सदस्यों पद की शपथ दिलाई गई। कार्यकारिणी में सचिव पवन पाटीदार, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर पाटीदार व नई कार्यकारिणी में सदस्य जयप्रकाश मंडलोई, राजेश गोवा, तरुण पाटीदार, छीतरमल पाटीदार, दीपिका पाटीदार, सुनीता पाटीदार, सरिता पाटीदार, सुनील पाटीदार सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शपथ ली। इस दौरान बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

## विवेक ज्योति यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निकाली




**खाचरोद** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य पर जिला कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार विवेक ज्योति यात्रा शा.आदर्श कन्या उ.मा.वि. परिसर से कार्यकताओं के साथ पद यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में युवा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# भोपाल संविधान बचाओ महाआंदोलन: कल जाएंगे महिदपुर सिटी से भोपाल सैकड़ों संविधान प्रेमी जाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸



डॉ. बीआर अम्बेडकर मांगलिक भवन पर बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति एवं उनके सहयोगी संगठनों द्वारा एक आवश्यक बैठक 18 जनवरी संविधान बचाओ जन आक्रोश महाआंदोलन को लेकर रखी गई। मीटिंग में मुख्य अतिथि राहुल परिचित प्रदेश अध्यक्ष डीएआरव्हायएस विशेष अतिथि प्रदेश महासचिव डोमा परिसंघ जे के मालवीय एवं अजाक्स के तहसील अध्यक्ष बी एल परमार रहे। बैठक की अध्यक्षता समिति उपाध्यक्ष विक्रम सोलंकी ने की। बैठक में अन्य पदाधिकारीगण और गणमान्य नागरिक पधारे जिनमें बी एल मालवीय, सुरेश दामेचा, आशाराम गेहलोत, पूनमचंद फुलपगारे, रमेशचंद्र नरवरिया, नरेंद्र परमार, नगजी परिहार, डॉक्टर जगदीश परमार, गोरधन लाल धनगर, नरेंद्र परमार (लसूडिया), यशराज आदि उपस्थित रहे।

मीटिंग का मुख्य उद्देश्य अजाक के प्रांतीय अध्यक्ष आइएएस एवं वर्तमान उप सचिव कृषि विभाग संतोष वर्मा जिनके कथन को तथाकथित जातिवादी मानसिकता द्वारा तोड़ मरोड़ कर मीडिया के माध्यम से भ्रामक प्रचार प्रसार किया जिसके कारण प्रशासन द्वारा उनको अपने वर्तमान पद पर होल्ड कर दिया गया। उक्त संबंध में मध्यप्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील एवं ग्रामीण अंचलों से उन्हे न्यायिक पक्ष दिलवाकर पुनः सम्मानपूर्वक उसी विभाग में उपसचिव पद पर बनाए रखने की मांग को लेकर भोपाल में 18 जनवरी को भेल दशहरा मैदान एकत्रित हो रहें हे। पूरे मध्यप्रदेश मे लगभग 5 से 7 लाख संविधान प्रेमी अपने निजी संसाधन और बस द्वारा भोपाल पहुंच रहे हैं। डोमा परिसंघ के प्रांतीय महासचिव जे के मालवीय द्वारा बताया गया संगठनो के सामूहिक प्रयास से महिदपुर सीटी से एक बस भोपाल के लिए प्रस्थान कर रही है साथ ही कई छोटे निजी वाहनों से संविधान बचाओ महाआंदोलन में सैकड़ों की संख्या में लोग भोपाल जाएंगे, वहीं बडनगर तहसील से 3 बसे और कई निजी वाहनो से जा रहे है। आंदोलन को विभिन्न एससी, एसटी, ओबीसी संगठन अपना पूर्ण समर्थन दे रहे है। उक्त जानकारी समिति के सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।

### शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई

# विकासखंड स्तरीय बीपीएमयू बैठक हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में जनवरी माह की विकासखंड स्तरीय बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने की। बैठक में विकासखंड के सभी ब्लॉकों से बीएसी, सीएसी तथा ब्लॉक मिशन अंकुर प्रभारी संजय राजपूत की उपस्थिति रही।

बैठक में जनशिक्षकों के साथ शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। मेंटरिंग के केपीएलएस शिक्षक संदर्शिका के प्रभावी उपयोग एवं कार्य पुस्तिकाओं की जांच पर विस्तृत चर्चा की गई। बीआरसीसी ने दिसंबर माह के ट्रैकर डेटा पर संक्षिप्त चर्चा करते हुए, बैठक में छात्र उपस्थिति बढ़ाने, मासिक ट्रैकर डाटा एवं आवधिक आकलन की जनशिक्षा केंद्रवार समीक्षा की गई। बॉटम 2 जनशिक्षा केंद्रों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर निरंतर फ ॉलोअप लेने तथा कक्षा अवलोकन में दिए गए सुझावों की प्रति दो दिवस में वीडियो कॉल के माध्यम से समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ब्लॉक मिशन अंकुर प्रभारी संजय राजपूत द्वारा एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कक्षा स्तरीय शिक्षण की गुणवत्ता, सतत मेंटरिंग, ट्रैकर आधारित योजना तथा डेटा के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंने भाषा एवं गणित की प्रमुख दक्षताओं पर केंद्रित शिक्षण और नियमित फ ॉलोअप को अत्यंत आवश्यक बताया। बैठक के दौरान एफएलएन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जनशिक्षक धनपाल चंद्रवंशी ने प्रथम स्थान तथा संतोष परमार एवं धर्मेंद्र यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, शत प्रतिशत मेंटरिंग सुनिश्चित करने एवं अधिक सपोर्ट वाली शालाओं की सीएसी के साथ विकासखंड स्तर पर समीक्षा पर विशेष जोर दिया गया।

## एकादशी पर बाबा का फूलों से किया श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



षटतिला एकादशी के अवसर पर शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर अकोदिया पर अल सुबह से ही दर्शनतार्थ के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। कड़कड़ाती ठंड पर भक्तों की आस्था भारी रही, हर श्याम प्रेमी बाबा श्याम की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दिया। खाटू श्याम मंदिर इन दिनों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है, प्रतिदिन नगर सहित दूर.दूर ग्रामीण अंचलों से दर्शनों के लिए भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। एकादशी के अवसर पर बाबा का फू लों से आकर्षक श्रंगार किया गया तथा मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई, दोपहर में मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शर्मा के सानिध्य में बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई.

## हम्माल को ट्रक ने मारी टक्कर

**शुजालपुर.** कृषि उपज मंडी शुजालपुर में हम्माली का कार्य करने वाले एक युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे हम्माल गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हम्माल को मंडी में मौजूद श्रमिकों ने तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना के कारण मंडी प्रांगण में कुछ समय के लिए आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर डायल 112 व थाने से पुलिस पहुंची। मौके पर मौजूद श्रमिकों व पुलिस के बीच भी घटनाक्रम को लेकर कहासुनी हुई। पुलिस मंडी को फरियादी मनोज पिता मनोहरसिंह ठाकुर ने शिकायत में बताया कि राकेश पिता संतोष शर्मा मंडी में हम्माली का कार्य करता है और बुधवार की शाम को ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 0525 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए राकेश को टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोटे आई। मंडी में मौजूद श्रमिकों ने ट्रक को रोक लिया और ट्रक चालक याकिब पिता रफीक खां निवासी कालापीपल बताया गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया।

### त्वरित निर्णय लेकर बचाई प्रसूता व नवजात की जान

# सिविल अस्पताल में हाई रिस्क केस का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



सिविल अस्पताल शुजालपुर में बीती रात एक जटिल प्रसव को चिकित्सकों ने सजगता व त्वरित निर्णय के साथ सीमित संसाधनों के बीच सफल ऑपरेशन किया और इसके चलते 25 वर्षीय प्रसूता व नवजात की जान बचाई जा सकी। मिली जानकारी अनुसार 14 जनवरी को प्रसूता आरती बाई पति प्रदीप मीणा निवासी बाबडीखेडा उम्र 25 साल को परिजन असहनीय प्रसव वेदना के साथ लाए थे, जिसका परीक्षण करने पर हाई रिस्क केस के साथ उसकी पूर्व में आपरेशन द्वारा डिलेवरी हुई थी एवं यह उक्त प्रसूता की दूसरी डिलवेरी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण पर पाया की उक्त प्रसूता की बच्चादानी फटने की आशंका होने पर स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ आभा जैन ने त्वरीत निर्णय लेते हुए तत्काल रात को ही ब्लड उपलब्ध कराया एवं आपरेशन की सलाह दी। रात में ही ऑपरेशन की तैयारी अस्पताल में की गई और अल सुबह 3 बजे उक्त प्रसूता का आपरेशन के दौरान पाया की उक्त प्रसूता की बच्चादानी फट चुकी थी एवं अत्यधिक आंतरिक रक्तस्त्राव हो चुका था। सिविल अस्पताल में संवेदनशीतला के साथ सफल ऑपरेशन कर नवजात की डिलेवरी करवाई एवं प्रसूता एवं नवजात दोनो स्वस्थ है। उक्त आपरेशन में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आभा जैन एवं स्टॉफ टीम जिसमें सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ विपिन जैन,निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ प्रवीण द्विवेदी, पूनम अहिरवार पेथोलॉजी स्टॉफ उपस्थित थे।

## तिल और गुड का भोग लगाया, मकर संक्रांति पर हुए आयोजन

**शुजालपुर.** नगर सहित अंचलों में मकर संक्रांति का पर्व परम्परागत रूप से मनाया गया। इस पर्व के चलते नागरिकों द्वारा देवालयों में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर तिल व गुड के मिष्ठान बनाकर भोग लगाया। साथ ही दान पूण्य का दौर भी होगा। इस पर्व के चलते देवालयों में भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा।

### 27 अप्रैल को देशभर में मनाया जाएगा गो सम्मान दिवस- रविन्द्रानंद सरस्वती थानापति

# गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने गौ सम्मान आह्वान अभियान का आगाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर के रक्षक खेड़ापति हनुमान मंदिर मठ में बुधवार को पूज्य संतों के सानिध्य में गौ सम्मान आह्वान अभियान की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलेभर से आए संतों, गोभक्तों एवं गोसेवकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यह अभियान किसी संस्था, संगठन अथवा राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं, बल्कि गौमाता और नंदी बाबा के सानिध्य में पूर्णतः निष्काम भाव से संचालित किया जाएगा।

बैठक में श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के संत एवं श्री कामधेनु गो अभयारण्य सालरिया के प्रभारी संत स्वामी रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज थानापति आगर के युवा कथा प्रवक्ता संत ध्रुव महाराज, गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन सरदार सिंह भगत, ग्वाल संत सहित अनेक संत-महात्मा एवं गोसेवक उपस्थित रहे। संतों ने एक स्वर में कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध तथा गोवर्धन संस्कृति के संरक्षण हेतु सशक्त सरकारी नीतियों का निर्माण करवाना है।

संतों ने सरकार से मांग की कि गौ रक्षा हेतु केन्द्रीय कानून बनाया जाए, गौहत्या व गोतस्करी में लिप्त अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए तथा जब्त किए गए वाहनों का उपयोग गोशालाओं के लिए किया जाए। साथ ही गोबर-गोमूत्र आधारित अनुसंधान विश्वविद्यालय की स्थापना, पंचगव्य औषधियों का आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में निःशुल्क वितरण, सरकारी भवनों में गोबर पेंट एवं गौनाइल के उपयोग को अनिवार्य करने, गोशालाओं को मनरेगा से जोड़ने, बिजली बिल में छूट और निराश्रित गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था की मांग भी रखी गई।

छह माह तक चलेगा गौ संकीर्तन

अभियान की कार्ययोजना के अनुसार जनवरी से मार्च 2026 तक देशभर में जनजागरण किया जाएगा। अप्रैल 2026 में प्रत्येक तहसील व जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। अपेक्षित उत्तर न मिलने की स्थिति में जुलाई व अक्टूबर 2026 में पुनः चरणबद्ध रूप से ज्ञापन दिए जाएंगे। इसके पश्चात 27 फरवरी 2027 को देश के 800 जिलों एवं 5000 तहसीलों से आए संत व गोभक्त राजधानी दिल्ली में एकत्र होकर शांतिपूर्ण गौ संकीर्तन करेंगे, जो 15 अगस्त 2027 तक छह माह तक निरंतर चलेगा।



## सैनिक दिवस के उपलक्ष्य वीर नारियों एवं परिवारों को किया सम्मानित

**गुना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, गुना द्वारा भूतपूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने वीर नारियों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों के देश के प्रति योगदान को याद करना और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, उनके परिवारजन, जिला प्रशासन के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्थानीय निवासी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विंग कमांडर आशुतोष शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने अपने संबोधन में कहा, भूतपूर्व सैनिकों का देश के प्रति योगदान अविस्मरणीय है। उनके परिवारों का सहयोग एवं उनकी वीरता पर हमें गर्व है। यह दिवस उन सभी वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण किया। उन्होंने आगे कहा, सैनिकों ने न केवल सीमाओं की रक्षा की, बल्कि आपदा के समय भी अपनी जान जोखिम में डालकर आम नागरिकों की रक्षा की। उनके साहस, शौर्य एवं बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## मकर संक्रांति पर्व पर गणेश जी को 56 भोग अर्पित किए



**इंगोरिया** । मकर संक्रांति पर्व पर गौ खुर गणेश जी को 56 भोग अर्पित कर महा आरती की गई। इस अवसर पर शाम 7 बजे 1 जनवरी को गणेशजी को धारण कराए गए वेफर्स और महाप्रसाद का श्रद्धालुओं में वितरित किए गए। मंदिर पर आकर्षक सजावट कर गणेश जी को लगाए गए 56 भोग का नैवेद्य लगा कर प्रसाद वितरित की गई। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ ग्राम वासी एवं इंगोरिया मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह पलदूना, कमलसिंह जमालपुरा , घनश्याम सिंह रूपाहेडा एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे । समिति द्वारा 1251 वेफर्स का वितरण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

## ग्राम गोगापुर में पारंपरिक मेले का हुआ शुभारंभ

**महिदपुर रोड.** ग्राम गोगापुर में प्रतिवर्ष अनुसार लगने वाले मेले का गुरुवार को शुभारंभ हुआ यह मेला 100 वर्ष पूर्व से लगाया जा रहा है जिसकी लोकप्रियता आसपास में फैली हुई है, मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भा ज पा उज्जैन ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला महा मंत्री राकेश यादव, जनपद अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष गुर चरण सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष उमा पांडे, सरपंच एवं भाजपा जिला मंत्री ऋतु पाटीदार, जनपद सदस्य बाबू दास बैरागी, शिवनारायण सूर्यवंशी, सत्यनारायण पाटीदार, पल्लव पोरवाल, पूर्व जनपद सदस्य गोपाल बैरागी, सरपंच भूपेंद्र सिंह सगवाली, सरपंच कुशाल सिंह पंवार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसौदिया, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पाटीदार, युवा मोर्चा महामंत्री हरीश बैरागी, उप सरपंच मांगीलाल आंजना, पंचायत सदस्य दीपक जाट, विनोद मीणा, अशरफ शाह, राजेश अकोदिया, हिना शर्मा आदि उपस्थित रहे

## गिल्ली डंडा के साथ, उडती रंग-बिरंगी पतंग छा गई गगन मे

**नीमच।** मकर संक्रांति का पर्व जिले में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार 14 जनवरी दोपहर से सूर्य का उत्तरायण में जाना प्रारंभ हुआ जो 15 जनवरी दोपहर तक रहा ' जिससे संक्रांति पर्व दो दिवसीय हो गया शहर के लोगों ने एक दूसरे को गुड़ तिल खिलाकर बधाइयां दी वहीं मंदिरों में दर्शन कर गौ माता को हरा चारा खिलाया किसी ने गौ माता को गुड दलियें का सेवन करवाया' कई जगह लोगों ने लंगर लगाकर दरिद्र नारायण को भोजन करवाया' वही सुबह से ही बच्चों और युवाओं ने मिलकर पतंगबाजी का आनंद लिया। नगर के हर मोहल्लों, खुले मैदानों व घरों की छतों पर बच्चे पतंग उड़ाते नजर आए। कुछ युवाओं ने पतंग बाजी के साथ संगीत की लहरिया भी बिखरी इसी दौरान कोई पतंग कट जाने पर काटा रे... ..की आवाज भी गूंजती सुनाई दी। आसमान में चारों ओर रंग-बिरंगी पतंगें छाई रहीं। पतंग कटने पर बच्चों की खुशी भरी चीख-पुकार सुनाई देती रही। कई स्थानों पर स्पीकर लगाकर गीत-संगीत भी चल रहा था, जिससे माहौल और भी उल्लासमय हो गया। पतंगबाजी के साथ-साथ कुछ स्थानों पर बच्चों ने गुल्ली-डंडा जैसे पारंपरिक खेलों का भी आनंद लिया। हालांकि प्रशासन द्वारा चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया गया था । जिससे व अधिकांश स्थानों पर चाइनीज मांझा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग सामान्य धागे से ही पतंग उड़ाते नजर आए।







## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।




- याक पर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र (NRCY) किस भारतीय राज्य में स्थित है
अरुणाचल प्रदेश
- पृथ्वी पर सबसे बड़ी नदी कौन सी है?
अमेजन नदी
- भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी कौन सी है?
कंचनजंगा
- विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन सी है?
मंदारिन चीनी
- संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले राष्ट्रपति कौन थे?
जार्ज वाशिंगटन
- भारतीय संविधान में कितने मौलिक अधिकारों का उल्लेख है?
6
- भारत के नेपोलियन के रूप में किसे जाना जाता है?
समुद्रगुप्त
- पंजाब केसरी के नाम से किसे जाना जाता था?
लाला लाजपत राय
- विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
7 अप्रैल
- विश्व स्वास्थ्य दिवस 2022 की थीम क्या थी?
हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य
- 'लाइफ इज ब्यूटीफुल' फिल्म का निर्देशन किसने किया था?
रॉबर्टो बेनिग्नी
- किस ग्रह को भोर/शाम का तारा कहा जाता है?
शुक्र
- कौन सा महाद्वीप सौर ऊर्जा में सबसे अधिक निवेश करता है?
एशिया

ठंड बढ़ने पर चलने वाली शीत-लहर आपके बच्चे को बीमार बना सकती है, जिसके कारण उसे जुकाम, बुखार और नाक बहने की समस्या हो सकती है।

# छोटे बच्चे ठंड में नहीं पड़ेंगे बीमार

## शीत-लहर और सर्दी, जुकाम से बचने के लिए ध्यान रखें ये टिप्स



सर्दी की ठंडी हवा जरा सी चूक होने पर आपको बीमार बना सकती है। बच्चों के लिए तो सर्दियों का मौसम और ज्यादा परेशानियों भरा होता है। ठंडी हवा के चपेट में आने से उन्हें जुकाम, बुखार, नाक बहने, सीने में जकड़न जैसी कई समस्याएं होने लगती हैं। चूंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों से कमजोर होती है, इसलिए बच्चे इन बीमारियों की चपेट में जल्दी आते हैं। सर्दियों की ठंडी हवा और रोगों से बचाव के लिए सिर्फ मोटे गर्म कपड़े पहनाना ही नहीं जरूरी, बल्कि कई और आदतें भी जरूरी हैं। हम आपको बता रहे हैं 5 ऐसी टिप्स, जो इन सर्दियों में आपकी और आपके बच्चों की रक्षा करेंगी।

### खूब पानी पिलाएं

सर्दियों में आमतौर पर बच्चों को प्यास कम लगती है, मगर इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उनके शरीर को सर्दियों में कम पानी की जरूरत हो। अगर आपका बच्चा कम पानी पीता है, तो इससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता और कम हो जाती है, जिससे वो बीमारियों का शिकार जल्दी होता है। जब बच्चा पर्याप्त पानी पीता है, तो उसके शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स और गंदे बैक्टीरिया पेशाब के रास्ते से बाहर निकलते रहते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए अपने बच्चों को रोजाना कम से कम 7-8 ग्लास पानी पीने की आदत डालें।

### काम और पैर बंद रखें

छोटे बच्चे आमतौर पर कपड़े तो पहने रहते हैं क्योंकि उन्हें इसकी आदत होती है। मगर वो मोजे और टोपी उतार देते हैं। बच्चों को ठंड लगने का सबसे ज्यादा खतरा कान और पैरों से ही होता है। इसलिए बच्चे को न तो नंगे पांव खेलने दें और न ही उसके कान देर तक खुले रहने दें। अगर बच्चा टोपी उतार कर फेंक देता है, तो आप उसे डोरी वाली टोपी पहनाएं, जिससे वो आसानी से उसे न उतार पाए। इसी तरह पैरों को ढका रखने के लिए बच्चों को मोजे जरूर पहनाएं। सर्दियों में चप्पल के बजाय उन्हें जूते पहनाना ज्यादा बेहतर है। इससे वो मोजे को आसानी से उतार भी नहीं पाएंगे।

### बाहर खेलने से न रोकें

अक्सर मां-बाप को लगता है कि अगर बच्चा बाहर खेलने जाएगा, तो उसे ठंड लग जाएगी। मगर यहां पर आप गलत हैं। खेलना बच्चों के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि इससे उनके शरीर का विकास और स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इसके अलावा बाहर खेलने के दौरान जब बच्चे तरह-तरह के बैक्टीरिया से लड़ते-जूझते हैं, तभी उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इसलिए सर्दी के मौसम में भी बच्चों को बाहर खेलने से न रोकें। बस इस बात का ध्यान रखें कि उनका पूरा शरीर अच्छी तरह ढका हो, जिससे ठंडी हवा शरीर तक न पहुंचे।

### 9-11 घंटे सोने दें

बहुत सारे मां-बाप सुबह खुद भी जल्दी उठते हैं और बच्चों को भी उठा देते हैं। ध्यान दें कि आपके बच्चों की नींद की जरूरत और आपकी नींद की जरूरत में अंतर होता है। छोटे बच्चों के लिए कम से कम 10 घंटे की नींद जरूरी होता है। नींद के दौरान न सिर्फ बच्चे के अंगों का विकास तेज होता है, बल्कि उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। इसलिए छोटे बच्चों को सर्दियों में 9-10 घंटे की नींद जरूर लेने दें। अगर वो इससे कम सोते हैं, तो उन्हें ज्यादा सुलाने की कोशिश करें।


### खाने में गर्म चीजों का इस्तेमाल करें

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इन्यूनिटी का सीधा संबंध खाने से है। इसलिए बच्चों को सर्दियों में ठंड से बचाने के लिए उन्हें गर्म चीजें तो खिलाएं ही, साथ ही ऐसी चीजें खिलाएं जो उनकी इम्यूनिटी को मजबूत करें, जैसे- फल और हरी सब्जियां, अदरक, लहसुन, अजवायन, काली मिर्च, दालचीनी, दाल, बादाम, अखरोट, पिस्ता, अंडे, चिकन, मछली आदि।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

तमीम पर 'इंडियन एजेंट' टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट में बवाल मचा। बीपीएल और डीपीएल मैच उथल-पुथल में पड़े। विवादित अधिकारी नजमुल इस्लाम माफी को तैयार हैं, लेकिन बीसीबी इसे बंद कमरे में करना चाहता है, जबकि खिलाड़ी सार्वजनिक माफी और डायरेक्टर पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। सरकार के खेल सलाहकार भी खिलाड़ियों के पक्ष में हैं। संकट अब बीसीबी के फैसले पर टिका है।

# बंद कमरे की माफी नामंजूर? खिलाड़ियों की जिद- नजमुल जनता के सामने बोलें सॉरी





**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट इन दिनों बड़ी उथल-पुथल से गुजर रहा है। क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'इंडियन एजेंट' कहने के बाद शुरू हुआ विवाद अब सिर्फ बयानबाजी की लड़ाई नहीं, बल्कि सम्मान और जवाबदेही का मुद्दा बन गया है। उनकी टिप्पणी के बाद वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) और ढाका प्रीमियर लीग (DPL) के मैचों का बहिष्कार कर दिया, जिससे पूरा ढांचा हिल गया।

विवाद तब और बढ़ गया जब नजमुल ने यह भी कहा कि अगर खिलाड़ी टी20 विश्व कप से बाहर होते हैं तो बोर्ड उन पर कोई एहसान नहीं करेगा। उन्होंने कहा था, 'हमने उनमें निवेश किया है, लेकिन उन्होंने बदले में क्या दिया? क्या हमने एक भी वैश्विक ट्रॉफी जीती?' यह बयान बांग्लादेश के न्यूज वेबसाइट 'डेली स्टार' को उन्होंने दिया था।

### माफी की पेशकश, पर खिलाड़ियों को क्यों मंजूर नहीं?

कड़ी आलोचना के बीच बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को फाइनेंस कमेटी की चेयरमैनशिप से हटा दिया पर डायरेक्टर पद से नहीं हटाया। बाद में खबर आई कि नजमुल इस्लाम माफी मांगने को तैयार हैं, लेकिन बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के अनुसार यह माफी बंद कमरे में होनी चाहिए।

बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कथित तौर पर फोन कॉल में बीसीबी प्रमुख ने कहा, 'माफी संभव है, लेकिन निजी बैठक में।' हालांकि खिलाड़ियों ने इसे खारिज कर दिया। उनके अनुसार यह अपमान सार्वजनिक था, इसलिए माफी भी सार्वजनिक होनी चाहिए।

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि बीसीबी डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम ने सार्वजनिक तौर पर अपमान किया है, इसलिए हम चाहते हैं कि वे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें।' CWAB ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर सार्वजनिक माफी होती है और उन्हें डायरेक्टर पद हटाने की प्रक्रिया जारी रहती है, तभी खिलाड़ी वापस से बीपीएल खेलने को तैयार होंगे।

### सरकार के खेल सलाहकार भी बोले: राष्ट्रीय छवि दांव पर

इस विवाद पर सिर्फ क्रिकेटर्स ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश सरकार के युवाकला एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस वक्त हमें दुनिया को बताना है कि हम एकजुट देश हैं। ऐसे समय में एक जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति खिलाड़ियों का अपमान करे तो यह समझ से परे है।' उन्होंने तमीम और खिलाड़ियों के सम्मान को राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा बताया और इसे असंवेदनशील और गैर-पेशेवर व्यवहार कहा।

### क्या खिलाड़ियों ने बॉयकॉट वापस लिया?

इसी बीच खबर आ रही है कि क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) ने देर रात बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के बहिष्कार को वापस ले लिया। उन्होंने (बीसीबी) आश्वस्त किया है कि वे उनसे (नजमुल) बात करेंगे और संभवतः जल्द हमारी मांगों को पूरा करेंगे।' इसमें पब्लिकली माफी सबसे अहम है।

### आगे क्या? गेंद बीसीबी के पाले में

अभी स्थिति यह है किः माफी की पेशकश तो है, पर यह कैसे हो, इस पर विवाद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खिलाड़ियों ने बॉयकॉट रोक दिया है, लेकिन और शर्तें भी रखी हैं।

सरकार के प्रतिनिधि भी खिलाड़ियों के पक्ष में खड़े हो गए हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह विवाद बांग्लादेश क्रिकेट के संस्थागत सुधार की शुरूआत भी साबित हो सकता है।

### बोर्ड बनाम खिलाड़ी: शर्तों की जंग

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने साफ कहा कि प्रक्रिया के नाम पर खिलाड़ियों को बहलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, 'पिछली रात से हमें हर कदम पर प्रोसीजर-प्रोसीजर का हवाला दिया गया। सवाल यह है कि 48 घंटे बाद भी अगर वह डायरेक्टर बना रहता है तो क्या क्रिकेट फिर से रुकेगा?'

### खिलाड़ियों की मुख्य शर्तें क्या हैं?

- नजमुल इस्लाम की सार्वजनिक माफी
- डायरेक्टर पद से औपचारिक निष्कासन की प्रक्रिया
- इस दौरान खिलाड़ियों पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई न हो
- CWAB ने यह भी कहा कि बीसीबी चाहे तो प्रक्रिया में समय ले सकता है, लेकिन माफी अभी होनी चाहिए।

### बीपीएल पर संकट: हो सकता है काफी नुकसान

विवाद का सीधा असर बांग्लादेश प्रीमियर लीग पर पड़ा। गुरुवार को पहले मैच के लिए खिलाड़ी मैदान में नहीं उतरे। शुक्रवार को ढाका कैपिटल्स बनाम रंगपुर राइडर्स और चटोग्राम रॉयल्स बनाम राजशाही वॉरियर्स के मैच होने थे, लेकिन समाधान न मिलने की वजह से टूनामेंट अस्थिर स्थिति में है। बीसीबी ने बयान जारी कर कहा, 'खिलाड़ियों के हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' पर मैदान पर हालात अलग तस्वीर दिखा रहे हैं। इससे टूनामेंट को काफी आर्थिक नुकसान भी पहुंच सकता है।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गैस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### 5 महीने से सक्रिय चेन स्नैचर: 6 वारदातें कर चुका, नंदानगर में मंदिर से लौट रही महिला की चेन लूटी

**इंदौर।** इंदौर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले पांच महीनों से एक शातिर बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है। हीरानगर, तिलकनगर और परदेशीपुरा इलाके में अब तक करीब छह वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ताजा मामला परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदानगर का है, जहां मंदिर से लौट रही एक महिला की चेन लूटकर बदमाश फरार हो गया। परदेशीपुरा पुलिस ने क्लर्क कॉलोनी निवासी चंपाबाई जैन की शिकायत पर स्कूटर सवार लुटेरे के खिलाफ चेन स्नैचिंग का मामला दर्ज किया है। पीड़िता गृहिणी है और रोज की तरह 13 जनवरी को दिगंबर मंदिर दर्शन करने गई थी। मंदिर से लौटकर जब वह अपने घर में दाखिल हुई, तभी स्कूटर सवार बदमाश पीछे से घर में घुस आया और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली। इस दौरान चेन का कुछ हिस्सा पीड़िता के हाथ में ही रह गया। महिला ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिस पर घर से उनकी बहू बाहर आई, लेकिन तब तक आरोपी स्कूटर लेकर मौके से फरार हो चुका था। पुलिस ने बुधवार को मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाईकोर्ट का आदेश; शादी के बाद मप्र आई महिलाओं को आरक्षण से वंचित नहीं किया जा सकता

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने आरक्षण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में महिलाओं के पक्ष में स्पष्ट रुख अपनाया है। अदालत ने कहा है कि शादी के बाद किसी अन्य राज्य से मध्यप्रदेश में आकर स्थायी रूप से निवास करने वाली महिलाओं को आरक्षण का लाभ देने से इनकार नहीं किया जा सकता, यदि उनकी जाति या समुदाय दोनों राज्यों में एक ही आरक्षित श्रेणी में आता हो। यह प्रकरण उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती से जुड़ा था। कुछ महिला अभ्यर्थियों ने आरक्षित वर्ग के तहत आवेदन किया, लिखित परीक्षा में सफलता भी हासिल की, लेकिन दस्तावेज सत्यापन के समय यह कहकर उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई कि उनके पास मध्यप्रदेश के बजाय मूल राज्य का जारी किया हुआ जाति प्रमाण पत्र है।

### नकली पनीर की आशंका में 300 किलो पनीर जब्त: 1 हजार लीटर पामोलीन तेल भी मिला



**इंदौर।** खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को एक स्थान पर छापा मारा और वहां से 300 किलो पनीर और 1 हजार लीटर पामोलीन तेल जब्त किया है। आशंका है कि पनीर नकली है जिसकी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई मूसाखेड़ी चौराहा स्थित मां कृपा डेयरी पर की गई। टीम को यहां पनीर, मिक्स मिल्क,मिल्क केक, घी और फ्रायोलिन पामोलिन तेल के सैंपल लिए हैं। इसके साथ ही 1 लाख रु. कीमत का पनीर और 64 टिन पामोलीन (1 हजार किलो) जब्त किया है। इसकी कीमत 2 लाख रुपए है। मौके पर इसका रजिस्ट्रेशन वैध नहीं मिला जिस पर आगामी आदेश तक के लिए यूनिट को बंद किया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी नमूनों को विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बात करने से इनकार किया तो देने लगा फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी,हिंदूवादियों ने पीटा

**इंदौर।** इंदौर के किशनगंज थाना क्षेत्र में फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को बात करने के लिए बाध्य करने का मामला सामने आया है। जब युवक ज्यादा परेशान करने लगा तो छात्रा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के पास पहुंची और उन्होंने युवक को पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। छात्रा मेडिकेप्स कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। उसने पुलिस को लिखित शिकायत दी है, जिसमें युवक अनस शाह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा ने शिकायत में बताया कि दो माह पहले ही उसकी पहचान अनस से हुई है। दोस्ती के दौरान उसने अपनी पहचान छिपाई। सच्चाई सामने आने के बाद जब उसने बातचीत बंद की, तो युवक ने साथ की तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर दबाव बनाना शुरू कर दिया और लगातार पीछा करता रहा।

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

अब सिर्फ बॉम्बे हॉस्पिटल और भागीरथपुरा जाएंगे

# राहुल गांधी की मीटिंग को नहीं मिली मंजूरी

## दूषित पानी से अब तक 24 मौतें, कांग्रेस बोली- अनुमति नहीं मिलने से बैठक रद्द

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को प्रशासन से अनुमति नहीं मिल पाई है।

कांग्रेस ने प्रदेशभर के पार्षदों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के साथ राहुल गांधी की बैठक के लिए अभय प्रशाल और आनंद मोहन माथुर सभागार में कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। इसके लिए करीब एक हजार लोगों की मौजूदगी की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक को मंजूरी नहीं दी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण बैठक को रद्द करना पड़ा है। अब राहुल गांधी का इंदौर दौरा सीमित कार्यक्रम तक ही रहेगा।

राहुल गांधी इंदौर पहुंचने के बाद पहले बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे, जहां वे दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजन से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे भागीरथपुरा पहुंचकर उन परिवारों से मिलेंगे, जिनके परिजनों की दूषित जल के कारण मौत हुई है। राहुल गांधी के दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।



### राहुल गांधी के कार्यक्रमों की बन रही रणनीति, टीम राहुल ने इंदौर पहुंचकर संभाली कमान

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की पहल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर दौरे पर आ रहे हैं। वे भागीरथपुरा पहुंचकर दूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे।

राहुल गांधी वह चाचा नेहरू हॉस्पिटल में जाकर आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह लाभगंगा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। हालांकि राहुल गांधी के कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन ने सिर्फ 3 घंटे की अनुमति ही दी है। इसलिए राहुल गांधी के लाभगंगा में होने वाले कार्यक्रम को



लेकर अभी कुछ निश्चित नहीं है। हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है की राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने लाभगंगा में बुकिंग कर दी है और पैसे भी जमा करा दिए हैं।

इंदौर में राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को राघौगढ़ से इंदौर पहुंच चुके हैं और लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। इंदौर में होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी शोभा ओझा को सौंपी गई है। कार्यक्रम में इंदौर के करीब 200 प्रबुद्धजनों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। राहुल गांधी भागीरथपुरा में किन-किन परिवारों से मिलेंगे और वहां से कहां जाएंगे, इसकी सूची तैयार की जा रही है।

### राहुल के दौरे से आंदोलन की शुरूआत

आंदोलन का पहला चरण 17 जनवरी को होगा। इस दिन शहरी जिला कांग्रेस कमेटियां भागीरथपुरा की घटना और जल गुणवत्ता के मुद्दे पर जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास रखेंगी। यह उपवास सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। ग्रामीण जिलों में भी मनरेगा और जल गुणवत्ता को लेकर उपवास आयोजित किए जाएंगे। दूसरा चरण 18 से 31 जनवरी तक चलेगा, जिसमें जनजागरूकता अभियान, जल गुणवत्ता से जुड़े तथ्य और साक्ष्य जुटाने, दूषित जल स्त्रोतों, सीवेज लाइनों और औद्योगिक अपशिष्ट क्षेत्रों के आसपास पानी की जांच जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 17 से 31 जनवरी 2026 तक आंदोलन की घोषणा की है। यह आंदोलन मनरेगा में बदलाव कर कानूनी अधिकारों की बहाली, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों और प्रदेश में बिगड़ती जल गुणवत्ता के विरोध में किया जाएगा।

## कार चालक ने पुलिसकर्मी को टक्कर मारी चेकिंग के दौरान बैरिकेडिंग तोड़ी, आरोपी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया इलाके में एक कार चालक ने नशे की हालत में तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक पुलिसकर्मी को घायल कर दिया। आरोपी ने मौके पर लगी बैरिकेडिंग तोड़ दी और फरार हो गया। घायल पुलिसकर्मी को रात में साथी जवान अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया।

डीआरपी लाइन के पुलिसकर्मी गुरुवार रात करीब 11 बजे लसूड़िया इलाके में सत्य साईं स्कूल के पास ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान इनोवा कार (क्रमांक मप्र 09 इए 0227) का चालक तेज रफ्तार में चौराहे पर पहुंचा। पुलिस को देखकर उसने कार की रफ्तार और बढ़ा दी। बैरिकेड्स उड़ाते हुए कार आगे बढ़ गई। कार को रोकने के लिए पुलिसकर्मी रवि चंद्रवंशी बीच में आए, तभी कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। चालक मौके से फरार हो गया, जबकि उसकी कार की नंबर प्लेट सड़क पर गिर गई। घटना के बाद अन्य पुलिसकर्मी तुरंत घायल रवि चंद्रवंशी को बॉम्बे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।




### इधर, बीजेपी नेता से पुलिस का हुआ विवाद

इंदौर के राऊ इलाके में भी थाने के सामने चेकिंग के दौरान स्थानीय बीजेपी नेता गोला उर्फ नरेंद्र मंडेला का पुलिसकर्मियों से विवाद हो गया। मौके पर टीआई राज राठौर सहित अन्य स्टाफ पहुंचा। बताया जाता है कि वहां तैनात डीआरपी के जवान ने बिना शराब पीए नेता को रोका था, जिससे वह नाराज हो गए। काफी देर तक बहस के बाद पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर मौके से रवाना किया।

## इनकम टैक्स का बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर छापा

### इंदौर में ऑफिस- घर पर चल रहा सर्वे, दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की हो रही जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में इनकम टैक्स विभाग ने सड़क निर्माण करने वाली कंपनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर छापा मारा है। कंपनी के सपनाझसंगीता रोड स्थित कार्यालय और कंपनी के डायरेक्टर के घर पर सर्वे चल रहा है। शुक्रवार अलसुबह इनकम टैक्स की टीमें इन ठिकानों पर पहुंचीं और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की विशेष रूप से जांच की जा रही है। बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर की एक प्रमुख निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। कंपनी की स्थापना 1986 में हुई थी। 2005 में यह प्राइवेट लिमिटेड बनी और बाद में पब्लिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित हुई। यह कंपनी सड़क, राजमार्ग, पुल और इमारतों के निर्माण के साथ-साथ आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) की आपूर्ति, टोल कलेक्शन और इंदौर में बीआरजी हिल व्यू जैसे आवासीय प्रोजेक्ट्स का संचालन करती है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़



कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com